अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 178 लखनऊ, मंगलवार, 13 जनवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### करूर भगदड़ : सीबीआई के समक्ष पेश हुए टीवीके अध्यक्ष व अभिनेता विजय

नई दिल्ली। तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के अध्यक्ष और अभिनेता विजय सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश हुए। सीबीआई मुख्यालय में उनसे करूर भगदड़ मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ शुरू हो गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक सीबीआई दफ्तर के बाहर जुटे हैं। समर्थक उनकी पार्टी का झंडा हाथों में लिए सुबह से बाहर खड़े हैं। इस दौरान समर्थकों ने अभिनेता विजय के लिए नारेबाजी भी की। यह पेशी 27 सितंबर 2025 को तमिलनाडु के करूर जिले में टीवीके के एक चुनावी अभियान कार्यक्रम के दौरान हुई भगदड़ से जुड़ी है, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी। घटना की जांच सीबीआई कर रही है।

### युवा राष्ट्र-निर्माण की आधारशिलाः प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का यह दृढ़ विश्वास था कि युवा शक्ति ही राष्ट्र-निर्माण की सबसे सशक्त आधारशिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय युवा अपने जोश, ऊर्जा और जुनून के बल पर हर संकल्प को साकार करने की क्षमता रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का युवा आत्मविश्वास, नवाचार और परिश्रम के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा, तकनीक और सेवा के क्षेत्र में योगदान दें।

### मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल ने फ्लाइट टेस्ट में लक्ष्य पर किया सटीक हमला

नई दिल्ली। शीर्ष आक्रमण क्षमता वाली तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीए टीजीएम) ने उड़ान परीक्षण में एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने महाराष्ट्र के अहिल्या नगर की केके रेंज में एक गतिशील लक्ष्य के खिलाफ सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी बनेगा उप्र : योगी

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया यूपी एआई व स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन' का उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- तकनीक जब संवेदना से जुड़ती है, तभी विकास समावेशी बनता है: सीएम
- एआई का प्रयोग हमें रिएक्टिव नहीं, प्रोएक्टिव अप्रोच के साथ करना है: मुख्यमंत्री



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज शासन को रिएक्टिव से प्रोएक्टिव बनाने का सशक्त माध्यम बन रही है। लखनऊ में 'एआई इन ट्रांसफॉर्मिंग हेल्थकेयर' विषय पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि तकनीक जब संवेदना से जुड़ती है, नीति जब नवाचार से संचालित होती है और शासन जब विश्वास पर आधारित होता है, तभी विकास समावेशी बनता है और भविष्य सुरक्षित होता है। उन्होंने बताया कि यूपी एआई मिशन के तहत प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग से स्वास्थ्य नीतियों को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया जा सकता है। एआई के उपयोग से महामारियों, वेक्टर जनित रोगों के संबंध में डेटा कलेक्शन और उसके फीडबैक से बेहतर निर्णय, बेहतर नीति और बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकते हैं। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी उन्नयन और नई तकनीक के प्रयोग को प्रोत्साहित करती रही है।

इस क्रम में प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, फार्मा पार्क, लखनऊ में मेडिटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, गौतम बुद्ध नगर में एआई एंड इनोवेशन आधारित उद्यमिता केंद्र, आईआईटी कानपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में यूपी एआई मिशन के तहत लगभग 2000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लागू किए जाएंगे, जो उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हमने देश में तकनीक के प्रभाव को जमीनी धरातल पर मूर्त रूप लेते देखा है।

उत्तर प्रदेश में भी पिछले आठ वर्षों से हमारी डबल इंजन की सरकार ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासन के विजन, नीतियों और वेलफ़ेयर योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है। हमने प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में 80,000 दुकानों पर ई-पॉस मशीनें लगवाईं। एकसाथ छापेमारी कर वर्ष 2017 से पहले गरीब लोगों के नाम से बनाए गए 30 लाख फर्जी राशन कार्ड बरामद किए और पात्र व्यक्तियों तक योजना का लाभ पहुंचाया। आज सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली में आम जन की शिकायतें शून्य स्तर पर पहुंच चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) और डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से प्रदेश में 1 करोड़ 6 लाख परिवारों को वृद्धावस्था, निराश्रित महिला और दिव्यांगजन पेंशन का लाभ सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचा रही है, जिससे योजनाओं का सौ प्रतिशत लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंच रहा है। ये सब तकनीक का सही दिशा और विजन के साथ प्रयोग कर संभव हुआ है।

### एआई पेनेट्रेशन के क्षेत्र में भारत पहले स्थान परः जितिन प्रसाद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यमंत्री अजीत पाल ने सोमवार को दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एआई और स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन' 2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। साथ ही, एआई पेनेट्रेशन के क्षेत्र में भी भारत पहले स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही मोबाइल कनेक्शन 100 करोड़ से ऊपर हो गये है। केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रसाद ने कहा कि भारत एआई सर्विस प्रोवाइडर ऑफ द वर्ल्ड बनने वाला है। विश्व में भारत का डंका बजेगा, जिसमें यूपी बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। पूरे उत्तर प्रदेश में इंटरनेट का जाल बिछ चुका है। एआई के क्षेत्र में यूपी में बहुत प्रगति हुई है। साथ ही साइबर थ्रेट व डीप फ़ेक जैसी तमाम चुनौतियां भी हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ग्रामीण भारत की जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए।

## पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन विफल

# तीसरे चरण में गड़बड़ी से 'अन्वेषा' उपग्रह कक्षा में नहीं पहुंच सका

एजेंसी



श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन रविवार को तकनीकी खामी के कारण विफल घोषित कर दिया गया। इस मिशन के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अत्यंत गोपनीय हाइपरस्पेक्ट्रल निगरानी उपग्रह 'अन्वेषा' का प्रक्षेपण किया गया था, लेकिन रॉकेट के तीसरे चरण (पीएस3) के अंतिम चरण में आई गड़बड़ी के कारण उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका। इसरो के अनुसार, मिशन के दौरान पीएसएलवी रॉकेट का उड़ान क्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ रहा था, लेकिन तीसरे स्टेज के अंत में रॉकेट मार्ग से भटक गया, जिससे पेलोड को अपेक्षित कक्षा में इंजेक्ट नहीं किया जा सका। इसके बाद इसरो ने मिशन को विफल घोषित करते हुए विस्तृत तकनीकी विश्लेषण शुरू कर दिया है। दरअसल, इसरो का यह 64वां पीएसएलवी मिशन (पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1) आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10:18 बजे प्रक्षेपित किया गया था। इस उड़ान के माध्यम से कुल 16 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा जाना था, जिनमें डीआरडीओ द्वारा विकसित 'अन्वेषा' सबसे महत्वपूर्ण पेलोड था।

# भारत-जर्मनी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट : मोदी

- भारत और जर्मन में रक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापारिक सहयोग पर जोर

एजेंसी



गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और जर्मनी इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। दोनों देश इसके विरुद्ध पूरी दृढ़ता के साथ मिलकर लड़ाई जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात गुजरात के गांधीनगर में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि स्वामी विवेकानंद ने भारत और जर्मनी के बीच दर्शन, ज्ञान और आस्था का सेतु बनाया था। आज चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की यह यात्रा उसी सेतु को नई ऊर्जा, नया विश्वास और नया विस्तार दे रही है। उन्होंने कहा कि चांसलर के रूप में यह मर्ज़ की न केवल भारत बल्कि एशिया की भी पहली यात्रा है, जो भारत के साथ संबंधों को दिए जा रहे महत्व को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि चांसलर मर्ज़ की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देशों ने पिछले वर्ष अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किए और इस वर्ष राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष मना रहे हैं। ये उपलब्धियां दोनों देशों की साझा महत्वाकांक्षाओं, परस्पर विश्वास और निरंतर मजबूत होते सहयोग का प्रतीक हैं।मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी जैसी अर्थव्यवस्थाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। द्विपक्षीय व्यापार अब 50 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है। भारत में दो हजार से अधिक जर्मन कंपनियां कार्यरत हैं, जो भारत की संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। रक्षा उद्योगों में सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए रोडमैप पर काम किया जाएगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बने व्यापक रोडमैप से नई दिशा मिलेगी और जर्मन विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने का आमंत्रण दिया गया है।

# रिटायर्ड दरोगा की दबंगई के आगे कौशांबी प्रशासन की चेतावनी बेअसर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पीड़ित किसानों ने मुख्यमंत्री से लगायी गुहार

कौशाम्बी, जनपद के तहसील मंझनपुर अंतर्गत ग्राम पूरबशरीरा में एक रिटायर्ड पुलिस उपनिरीक्षक की दबंगई के आगे प्रशासनिक आदेश भी बेअसर नजर आ रहे हैं। सरकारी पैमाइश और उच्च अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश के बावजूद किसानों की भूमि पर बार-बार अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित किसानों मकरंद गर्ग, दिनेश कुमार गर्ग, मनसिज गर्ग, मयंक गर्ग, रत्नाकर गर्ग, यतीन्द्र नाथ गर्ग सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वे सभी आराजी संख्या 1219 के सह-काश्तकार भूमिधर हैं और वर्षों से शांतिपूर्ण रूप से काबिज चले आ रहे हैं। आरोप है कि गांव के ही प्राथमिक शिक्षक अनिल कुमार , सुनील तथा उनके पिता उ.प्र.पुलिस के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर राम लाल अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर बीते एक माह से उक्त भूमि पर गिरोहबंदी कर अवैध कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष द्वारा एसडीएम मंझनपुर न्यायालय में हदबंदी वाद दाखिल किया गया, जिस पर 8 जनवरी 2026 को नायब तहसीलदार मंझनपुर की टीम ने मौके पर विधिक पैमाइश कर भूमि की स्पष्ट सीमांकन कर दिया। प्रशासन ने विपक्षी पक्ष को अवैध कब्जे से दूर रहने का सख्त निर्देश भी दिया। इसके बावजूद आरोप है कि राम लाल व उनके पुत्रों ने अपने पुराने विभागीय संपर्कों का हवाला देते हुए न केवल किसानों को गाली-गलौज की, बल्कि दोबारा निर्माण सामग्री गिराकर कब्जे का प्रयास किया और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 10 जनवरी को थाना दिवस के अवसर पर एसडीएम मंझनपुर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और तहसील की पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर विपक्षी पक्ष को स्पष्ट रूप से आराजी संख्या 1219 से दूर रहने का आदेश दिया। इसके बावजूद दबंगई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पीड़ित किसानों का कहना है कि प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अवहेलना कर बार-बार अवैध निर्माण का प्रयास किया जा रहा है जिससे उनकी जान-माल और सम्मान को खतरा बना हुआ है। अंततः पीड़ित किसानों ने योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाते हुए मांग की है कि उन्हें उनकी भूमि पर निर्बाध और शांतिपूर्ण कब्जा दिलाया जाय व दोषियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिया जाय। अब देखना यह है कि प्रशासन दबंगों पर कब तक शिकंजा कसता है या फिर किसान न्याय के लिए और लंबी लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे।

# उत्तर प्रदेश में डयूटी से गायब 17 चिकित्साधिकारी बर्खास्त

- डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के निर्देश पर हुई कार्यवाही से मचा हड़कंप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के बीच बढ़ती अनुशासनहीनता, गैरहाजिरी और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की गई है। ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग में की गई इस कार्यवाही से डॉक्टरों में हडकंप मचा हुआ है। इन बर्खास्त चिकित्साधिकारियों के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें आ रही थीं और उन्हें सचेत भी किया गया था लेकिन वे डयूटी पर नहीं लौटे। आखिरकार स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें सबक सिखाते हुए बर्खास्तगी कर दी। स्वास्थ्य विभाग के एक बड़े अधिकारी के अनुसार मरीजों को अच्छा इलाज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा न देने वाले मेडिकल स्टाफ के खिलाफ भी कार्यवाही की गई है। अधिकारी के अनुसार मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद भी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डॉ. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# तो क्या पीडीए में हो गई एम की एंट्री!

अभयानंद शुक्ल, कार्यकारी संपादक

- अखिलेश यादव का अब पीडीए के साथ मंदिर पर भी जोर
- इटावा के केदारेश्वर महादेव मंदिर का वीडियो किया शेयर
- मंत्री संजय निषाद ने उस मंदिर को चुनावी मंदिर करार दिया



लखनऊ। सनातन ही सत्य है, यह बात ऐसे ही नहीं कही जाती है। ये मानव मात्र को मजबूर कर देता है, अपनी तरफ आने के लिए। जैसा कि अखिलेश यादव के साथ होता हुआ दिख रहा है, हालांकि उन्होंने नाक पकड़ने के लिए हाथ को पीछे की तरफ घुमाया है। उन्होंने इटावा के चंबल क्षेत्र में निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर का वीडियो शेयर कर लिखा है कि निर्माण के बाद ही पूर्णता आती है। अखिलेश यादव ने ऐसा दूसरी बार किया है, मतलब उन्हें भी समझ आ गया कि सनातन ही सत्य है। जानकारों का दावा है कि अखिलेश यादव में ये बदलाव तब आया है, जब उन्हें इस बात का अहसास हुआ है कि सिर्फ पीडीए की राह पर चल कर जीत हासिल नहीं होगी, इसमें हिंदुत्व का तड़का भी डालना पड़ेगा। यानी अब उनका सियासी समीकरण पीडीएएम यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक के साथ मंदिर भी हो गया है।

अभी तक सिर्फ पीडीए की राजनीति करने वाले अखिलेश यादव ने अब शायद अपनी चुनावी रणनीति में बदलाव किया है। इसीलिए अब वे इटावा में बन रहे शिव मंदिर यानी केदारेश्वर महादेव मंदिर का वीडियो शेयर कर रहे हैं। जहां तक इस मंदिर की बात है तो इसी स्थान पर पहले कृष्ण मंदिर बनना यादव परिवार द्वारा तय किया गया था, और बताते हैं कि उसे राम मंदिर के जवाब में बनवाना तय किया गया था। परंतु अब उसी जगह पर भोलेनाथ का केदारेश्वर महादेव मंदिर बनना शुरू हो गया है। इन मामले में एक बड़ा बदलाव यह भी है।

खबरों के अनुसार इस मंदिर के लिए तमिलनाडु और केरल से पत्थर तराश कर लाए जा रहे हैं। इस मंदिर की खासियत यह भी है कि निर्माण में सरिया और सीमेंट का प्रयोग नहीं हो रहा है, जैसा राम मंदिर में भी हुआ है। ऐसे में विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर सपा सुप्रीमो का ये नया समीकरण काबिले गौर है। अभी तक अयोध्या राम मंदिर में जाने से परहेज करने वाले अखिलेश यादव शायद अब भोलेनाथ की शरण में हैं। इसे यह भी कहा जा सकता है कि वे भगवान राम के आराध्य की शरण में हैं। सनातन की मान्यता के अनुसार भोलेनाथ को मध्यमार्गी माना जाता है। उन्हें देव और दानव समान रूप से पूजते हैं, और कृपा भी समान रूप से बरसती है। खैर, इसे कर्नाटक के संदर्भ में देखें तो कर्नाटक में शिव के कुछ भक्त अपने को हिंदू मानते ही नहीं है। उन्हें लिंगायत कहा जाता है, वे गले में एक छोटा शिव लिंग धारण करते हैं। उन्होंने कई बार यह मांग भी उठाई है कि उन्हें अलग धर्म की मान्यता दी जाए।

वैसे बदलाव तो अयोध्या के सांसद और 2024 की जीत के बाद इंडी गठबंधन के लिए पोस्टर ब्वॉय बन कर उभरे अवधेश प्रसाद पासी में भी आया है। वे दो-तीन बार राम लला के दर्शन भी कर चुके हैं। और तो और वे राम मंदिर के भव्य निर्माण और सुंदरता की तारीफ भी कर चुके हैं। यानी पार्टी में बदलाव की प्रक्रिया पहले से जारी है। और अब तो लगता है कि अखिलेश यादव के नये पोस्ट के बाद इसमें तेजी भी आएगी।

### अखिलेश ने पोस्ट किया शिव मंदिर का वीडियो

उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम व समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर इटावा में बन रहे केदारेश्वर महादेव मंदिर की वीडियो पोस्ट की है। सपा चीफ ने मंदिर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि ' जब कोई अदृश्य करवाता है, तभी ऐसा बड़ा काम आकार पाता है, और दृश्यमान हो जाता है'। अखिलेश यादव ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना के समय भी कहा था कि जब उनके द्वारा इटावा में बनाए जा रहे केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण संपन्न होगा, तब वे दूसरे मंदिरों के भी दर्शन करेंगे। उन्होंने वही बात इस पोस्ट में भी कहा है। उन्होंने लिखा है कि ईश्वरीय प्रेरणा से इटावा में 'श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर' के पूर्ण होने पर ही वे अन्य मंदिरों के दर्शन का संकल्प भी पूर्ण करेंगे। अब इसके बाद इस पोस्ट पर सियासी बयान भी आने शुरू हो गये। यूपी सरकार के मंत्री व निषाद पार्टी के नेता संजय निषाद ने अखिलेश यादव द्वारा बनवाए जा रहे केदारेश्वर महादेव मंदिर को राजनीतिक मंदिर करार दिया है। उन्होंने कहा है कि अखिलेश यादव का मंदिर राजनीति से प्रेरित है। संजय निषाद ने कहा कि मंदिर सबके सहयोग से बनता है, जैसे राम मंदिर। इसके अलावा बीजेपी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने भी कहा है कि अखिलेश यादव केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनवाकर अपनी नकल की प्रवृत्ति को बता रहे हैं।

# गति, गुणवत्ता और तकनीक से भारत बना रहा विश्वस्तरीय हाईवे: गडकरी

- केंद्रीय मंत्री ने चार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने पर आयोजन को ऑनलाइन संबोधित किया

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वस्तरीय राजमार्ग परियोजना और बड़े पैमाने पर परियोजना क्रियान्वयन में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

नितिन गडकरी ने आज आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में एनएच-544जी बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारा (कॉरिडोर) पर बनाए गए चार गिनीज विश्व रिकॉर्ड के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित किया। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष यादव, सांसद पार्थसारथी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, नई तकनीकों के उपयोग और गुणवत्ता के साथ गति बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# एआई पेनेट्रेशन के क्षेत्र में भारत पहले स्थान पर: जितिन प्रसाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया यूपी एआई व स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन' का उद्घाटनकेंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने ग्रामीण भारत की जनता को एआई का लाभ मिलने पर दिया जोर



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यमंत्री अजीत पाल ने सोमवार को दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एआई और स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन' 2026 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। साथ ही, एआई पेनेट्रेशन के क्षेत्र में भी भारत पहले स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही मोबाइल कनेक्शन 100 करोड़ से ऊपर हो गये है। केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रसाद ने कहा कि भारत एआई सर्विस प्रोवाइडर ऑफ द वर्ल्ड बनने वाला है। विश्व में भारत का डंका बजेगा, जिसमें यूपी बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। पूरे उत्तर प्रदेश में इंटरनेट का जाल बिछ चुका है। एआई के क्षेत्र में यूपी में बहुत प्रगति हुई है। साथ ही साइबर थ्रेट व डीप फ़ेक जैसी तमाम चुनौतियां भी हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ग्रामीण भारत की जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। कृषि, स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र पर्यावरण का क्षेत्र हो उसमें एआई का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब जब जन भावना साथ होती है तो सरकार निर्णायक फैसले लेती है। डीप फ़ेक के जरिय लोगों को हानि पहुंचाया जा रहा है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीप फ़ेक रोकने के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 15 से 20 फरवरी के बीच नई दिल्ली में होगी। यहां से निकलने वाले सुझाव राष्ट्रीय नीति और वैश्विक स्तर पर एआई से जुड़े विमर्श को दिशा देंगे।

इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी,नीति आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, गेट्स फाउंडेशन, गूगल सहित देश-विदेश के एआई और हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञ सम्मेलन में उपस्थित रहे।

# योगी का युवाओं से नशा-मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का आह्वान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'युवा प्रतिभा सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा नाश का कारण है। गांव और ब्लॉक स्तर पर युवाओं को नशे के कारोबार को ध्वस्त करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार की गोपनीय सूचना देने पर दोषियों की संपत्ति जब्त की जाएगी। उन्होने जल और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने युवाओं से चेक डैम, अमृत सरोवर, नदी संरक्षण और पौधरोपण अभियानों से जुड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वन महोत्सव के दौरान प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें युवाओं और महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। योगी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। न कर्फ्यू है और न दंगा, पर्यटन के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अब तक 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है और भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। इस अवसर पर युवा कल्याण एवं खेल मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस प्रेरणा और संकल्प का दिन है। स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को अनुशासन, एकाग्रता और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा देते हैं। सरकार युवाओं के खेल, कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व मंच पर भारत की वास्तविक शक्ति का परिचय कराया। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों से सीख लेकर देश और प्रदेश के विकास में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान 21 करोड़ रुपये की लागत से बने पांच बहुउद्देश्यीय हालों का लोकार्पण किया गया, जबकि तीन ग्रामीण स्टेडियमों का शिलान्यास भी किया गया।

# सड़क सुरक्षा के लिए 'योगी की पाती', लापरवाही छोड़ें, जीवन बचाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है। उन्होने बताया कि 31 जनवरी तक प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके। योगी ने बताया कि प्रदेश के 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्यभर में 3,000 से अधिक ऐसे स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। यह अभियान शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और आपात देखभाल जैसी प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, लेकिन आम नागरिकों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी घातक हो सकता है। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और हेलमेट व सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की। मुख्यमंत्री ने माता-पिता से आग्रह किया कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें तथा पैदल चलने वालों के अधिकारों का सम्मान करते हुए उनके प्रति विशेष सतर्कता और संवेदनशीलता बरतें। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रदेशवासी यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन कर उत्तर प्रदेश की सड़कों को सुगम, सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाने में सहभागी बनेंगे।

## उत्तर प्रदेश में फिर बढ़ेगी सर्दी की मार घना कोहरा और शीतलहर का अलर्ट

लखनऊ उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गंभीर शीतलहर की स्थिति बन सकती है। मौसम में यह बदलाव सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण देखने को मिलेगा। बीते दिनों अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से थी, जिसने अस्थायी रूप से शीतलहर को रोके रखा था। लेकिन अब उत्तर-पश्चिमी हवाओं के तेज होने से ठंड में इजाफा होगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा।

# लखनऊ महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का सोमवार को अयोध्या जाने से पूर्व यहां भाजपा लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। आज उनका तीन स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ और उसके बाद पंकज अपनेकाफिले के साथ श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हो गए। डालीबाग स्थित नैमिषारण्य गेस्ट हाउस पर प्रातः 8:00 बजे से ही बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं का हुजूम एकत्रित था। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह नजर आया। भाजपा लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं की ओर से डॉक्टर नीरज सिंह के नेतृत्व में भाजप्रा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। महानगर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शंखनाद, मालाओं, पुष्प वर्षा और ढोल नगाड़े के साथ से उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया। पंडितों ने शंखनाद, स्वस्तिवाचन और मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष को आशीर्वाद और मंगल कामनाएं दीं। नैमिषारण्य गेस्ट हाउस पर कैंट और सरोजिनी नगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत के उपरांत हजारों कार्यकर्ताओं के काफिले के समता मूलक चौराहे पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष का पश्चिम विधानसभा और मध्य विधानसभा की ओर से अंजनी श्रीवास्तव और रजनीश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के स्वागत किया। उत्तर विधानसभा से डॉक्टर नीरज बोरा और विधायक ओपी श्रीवास्तव ने पूर्व विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए वेव मॉल के सामने बने मंच पर पंकज चौधरी को काफी बड़ी माला पहनाकर अभिनंदन किया। अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा साथ में उपस्थित रहे। पूरे रास्ते कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी हाथों में फूल माला और फूल लिए स्वागत के लिए खड़े नजर आए और प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर पुष्प वर्षा और गगन भेदी नारों के साथ स्वागत किया। पंकज चौधरी कार्यकर्ताओं का आत्मीय जोश और उत्साह देखकर हाथ जोड़कर सहजता से सभी का धन्यवाद करते नजर आए। लखनऊ महानगर में तीन जगह स्वागत अभिनंदन के बाद सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता कारों काफिले से प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हो गए।

## राष्ट्रीय युवा दिवस से पराक्रम दिवस तक होगी परीक्षा पर चर्चा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में 11 दिनों तक परीक्षा पर की जाएगी। इसमें विभिन्न उत्सव, जयंती और स्वदेशी संकल्प भी दिलाए जाएंगे। 12 जनवरी से 23 जनवरी तक केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय के मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा पर चर्चा को 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस व विवेकानंद जयंती) से प्रारम्भ होकर 23 जनवरी (पराक्रम दिवस व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक जनआंदोलन के रूप में मनाया जाएगा। प्रत्येक दिवस के आयोजन और गतिविधियों के फ़ोटो, वीडिओ, सेल्फीज़ को दिए गए हैशटैग के साथ गूगल ट्रैकर तथा माय गव (माई जीओवी) पोर्टल पर अपलोड भी किया जाएगा। इन गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्र निर्माण पर आधारित विशिष्ट रूप से निर्मित ई-मॉड्यूल पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## किसानों को घर बैठे मिलेगा मुआवजा, अगले माह से पूरी तरह डिजिटल होगा सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना

लखनऊ। सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। राजस्व परिषद द्वारा संचालित इस योजना के डिजिटलीकरण की समय-सीमा फरवरी तय की गई है। प्रक्रिया पूरी होते ही योजना का संचालन पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएगा, जिससे दुर्घटना की स्थिति में किसान परिवारों को बिना किसी भागदौड़ के घर बैठे मुआवजे का लाभ मिल सकेगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि डिजिटलीकरण के बाद आवेदन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन, स्वीकृति और सहायता राशि के भुगतान की पूरी प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगी। इससे योजना का संचालन अधिक समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी बन सकेगा, साथ ही भ्रष्टाचार और अनावश्यक देरी की संभावनाओं पर भी अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के तहत राजस्व परिषद योजना को आधुनिक डिजिटल स्वरूप देने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग से एक नया वेब पोर्टल और सॉफ्टवेयर विकसित कर रहा है। अभी तक योजना के लिए आवेदन ऑनलाइन लिए जाते थे, लेकिन कई प्रक्रियाएं भौतिक सत्यापन के कारण लंबित रहती थीं। इससे किसान परिवारों को तहसील और जिला कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे।

# वैश्विक बदलावों के अनुरूप पाठ्यक्रम व तकनीकी कार्यक्रम लगातार अपडेट हों : आनंदीबेन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों से आह्वान किया है कि वे बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुसार अपने पाठ्यक्रमों एवं तकनीकी कार्यक्रमों को निरंतर अपडेट करें, ताकि विद्यार्थी ज्ञानवान होने के साथ-साथ नवोन्मेषी, आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बन सकें। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति सामूहिक उत्तरदायित्व से ही संभव है। सोमवार को राज्यपाल ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (ए.के.टी.यू.) के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का भ्रमण किया तथा बी-टेक प्रथम सत्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद जयंती पर शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवेकानंद जी युवाओं को राष्ट्र की ऊर्जा और भविष्य मानते थे। उनका संदेश ''उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको'' आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने स्वच्छता अभियान, डिजिटल पेमेंट, 'एक पेड़ माँ के नाम' और 'विकसित भारत' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी सफलता देश की एकजुट चेतना और साझा संकल्प का परिणाम है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि दिवाली को यूनेस्को से मान्यता मिलना गौरव का विषय है। उन्होंने ए.के.टी.यू. को नैक द्वारा 'ए प्लस' ग्रेड मिलने पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के शोध कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के 378 से अधिक शोधपत्र, 10 से अधिक पेटेंट और 4,500 से अधिक साइटेशन्स मजबूत अनुसंधान संस्कृति को दर्शाते हैं। राज्यपाल ने सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज की इलेक्ट्रॉनिक्स लैब, फिजिक्स लैब, ऑटोमेशन लैब और गूगल लैब सहित विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि अधिक से अधिक छात्रों को प्रयोगशालाओं में काम करने का अवसर मिले, ताकि वे संसाधनों का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने इनोवेशन हब में स्टार्टअप्स के को-वर्किंग स्पेस का भी अवलोकन किया। राज्यपाल की उपस्थिति में ए.के.टी.यू. और बेंगलुरु स्थित संस्था जेनक्स स्पेस के बीच स्पेस टेक्नोलॉजी पर आधारित एमओयू हुआ, जिसके तहत विश्वविद्यालय में स्पेस क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने, प्रशिक्षण व सहयोग की पहल की जाएगी। इस दौरान ''बुंदेलखंड गार्डन'' पुस्तक और पाठ्यक्रम बुकलेट का विमोचन तथा रुद्राक्ष पौधरोपण भी किया गया।

## विवेक में आनंद तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा संदेश: अखिलेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का 'विवेकानंद' नाम ही अपने आप में कालजयी संदेश है। उन्होंने कहा कि 'विवेक' में 'आनंद' की अवस्था तक पहुँचना ही स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन का सार है और यही मनुष्य को आंतरिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विवेक केवल बाहरी ज्ञान का विषय नहीं, बल्कि अंतःकरण में जागृत होने वाली चेतना है। यह तभी संभव है जब व्यक्ति किसी और के विचारों का मानसिक गुलाम न बने और अपने विवेक से सत्य-असत्य का निर्णय करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश लोगों को स्वयं सोचने और समझने की प्रेरणा देता है, ताकि समाज बाहरी दिखावे, छद्म गतिविधियों और शब्दों के मायाजाल के पीछे छिपे ढोंग, पाखंड, स्वार्थ और महाझूठ को पहचान सके। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की मानवता के प्रति सहृदयता और पूरे विश्व को भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने कामना की कि उनका मार्गदर्शन समाज में और अधिक फलीभूत हो।

# केजीएमयू में ओपीडी बंद करने की तैयारी: डॉक्टर, रेजीडेंट, नर्सिंग और कर्मचारियों का अल्टीमेटम जारी

- महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जाहिर की थी नाराजगी : कुलपति के न मिलने पर लगाए थे गंभीर आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में सोमवार को शिक्षक, रेजीडेन्ट्स, नर्सिंग और कर्मचारियों की संयुक्त बैठक हुई। जिसके बाद एक अल्टीमेटम जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि यदि पुलिस हंगामा व तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई नहीं करती है, तो 24 घंटे बाद ओपीडी सेवायें बंद कर दी जायेंगी।

संयुक्त बैठक के बाद जारी पत्र में कहा गया है कि कुलपति कार्यालय में हंगामा करने वालों पर 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। आगे लिखा है कि केजीएमयू परिसर में 9 जनवरी को की गई तोड़ फोड़ और महिलाओं के साथ हुई अभद्रता पर तहरीर दी गई थी, यह तहरीर प्रॉक्टर की तरफ से चौक थाने में दी गई थी, लेकिन अत्यन्त दुःखद है कि सरकारी संस्था द्वारा दी गयी तहरीर पर अराजक तत्वों को गिरफ्तार करना तो दूर 72 घंटे बीत जाने के बाद एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई है। संयुक्त बैठक के बाद जारी पत्र में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की कार्यशैली तक पर प्रश्न उठाया गया है और कहा गया है कि अपर्णा यादव की कार्य प्रणाली पद के अनुरूप न होकर सरकार की छवि धूमिल करने वाली थी, जिन्होंने 100-150 लोगों को लेकर कुलपति, प्रति कुलपति, अध्यक्ष विशाखा समिति व प्रॉक्टोरियल बोर्ड की महिलाओं के साथ अभद्रता की और गलत तथ्यों पर आधारित प्रेस कॉन्फ्रेन्स की। आगे लिखा गया है कि केजीएमयू डॉक्टरों को प्रशिक्षित करने के साथ गम्भीर मरीजों का उपचार करने के लिए भी विख्यात है, जिसके कुलपति और अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो बाकी शिक्षक, रेजीडेन्ट, नर्सिंग औन अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा की बात करना ही बेकार है। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए आज से ओपीडी बन्द करने का दबाव था, लेकिन दूरदराज से आये मरीजों को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे की सूचना देना उचित समझा गया। अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि केजीएमयू प्रशासन द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस द्वारा 24 घंटे में एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है, तो कल दिनांक 13 जनवरी, 2026 से आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर ओपीडी बन्द रखी जायेगी। इस बीच हुई कार्रवाई को देखते हुए आगे के आन्दोलन की रूपरेखा के लिए दिनांक 13 जनवरी, 2026 को दोपहर 2 बजे शिक्षक, रेजीडेन्ट, नर्सिंग व कर्मचारियों के संगठनों की संयुक्त समिति की बैठक पुनः आयोजित की जायेगी।

यह था मामलाः किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में लव जिहाद मामले को लेकर शुक्रवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव को कुलपति से मिलने के लिए कथित तौर पर लगभग 10 मिनट तक खड़ा रखा गया। आरोप है कि इसके बाद भी कुलपति से मुलाकात नहीं हो सकी। इससे नाराज उनके समर्थकों ने प्रशासनिक भवन के बाहर नारेबाजी की, इतना ही नहीं इस दौरान कुलपति कार्यालय के बाहर खड़े कुछ संगठनों के लोगों ने अंदर जाने का प्रयास किया। जिससे वहां भारी हंगामा हो गया। हिन्दू संगठनों ने कुलपति कार्यालय पर कब्जा कर लिया। हालात बिगड़ते देख कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद पीछे के गेट से चुपचाप कार्यालय छोड़कर निकल गई। काफी देर तक कुलपति कार्यालय में हंगामा और नारेबाजी होती रही। आरोप यह भी है कि हंगामा कर रहे लोगों ने कुलपति चैंबर के बाहर बैठे कर्मचारियों को खदेड़ दिया। केजीएमयू के वरिष्ठ अधिकारियों ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में लव जिहाद मामले को लेकर शुक्रवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया था, जब उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव को कुलपति से मिलने के लिए कथित तौर पर लगभग 10 मिनट तक खड़ा रखा गया। आरोप है कि इसके बाद भी कुलपति से मुलाकात नहीं हो सकी थे। इससे नाराज उनके समर्थकों ने प्रशासनिक भवन के बाहर नारेबाजी की। इसके बाद अपर्णा यादव ने प्रशासनिक भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केजीएमयू प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि विश्वविद्यालय में घटित संवेदनशील घटनाओं की जानकारी समय रहते मुख्यमंत्री और राज्यपाल को नहीं दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मामला महिला उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना से जुड़ा था, तो इसे दबाने की कोशिश क्यों की गई। अपर्णा यादव ने पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष और एक अन्य पर भी सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा कि संबंधित मामले को लगभग 10 दिनों तक दबाकर क्यों रखा गया। साथ ही पूछा कि पीड़िता को महिला आयोग के पास जाने से क्यों रोका गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ''क्या महिला आयोग को जांच के लिए किसी की अनुमति लेनी पड़ेगी।'' इससे पहले केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने शुक्रवार को केजीएमयू परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को कुलपति ने संबोधित किया था।

## बोर्ड के आदेशों का पालन नहीं कर रहा था मदरसा अशरफिया

**लखनऊ।** मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा अशरफिया, मुबारकपुर (आजमगढ़) की मान्यता रद्द करने के लिए करीब डेढ़ वर्ष तक एटीएस व प्रशासनिक रिपोर्ट का इंतजार किया गया। रिपोर्ट आने के बाद कई राज सामने आये। मदरसा प्रबंधन पूरी तरह से मनमाना रवैया अख्तियार किये थे। वह बोर्ड के आदेशों व निर्देशों का पालन नहीं कर रहा था। यहां तक कि मनमाने तरीके से पाठ्यक्रम भी लागू कर दिया था। जबकि नियमानुसार बिना बोर्ड की अनुमति के कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा सरकारी धनराशि व छात्रों से शुल्क का हिसाब प्रबंधन नहीं दे सका। शासन और परिषद स्तर पर उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मदरसे की मान्यता को निलंबित कर दिया। बोर्ड के अधिकारी के अनुसार, विनियमावली 2016 के भाग-1 की धारा-10 में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक मान्यता प्राप्त मदरसे को वित्तीय संसाधनों की समुचित व्यवस्था, परिषद की अनुमति के बिना अतिरिक्त पाठ्यक्रम लागू न करने, परिषद अधिनियम व निर्देशों का पालन, नियमित निरीक्षण, सोसाइटी पंजीकरण का नवीनीकरण, सहायता प्राप्त मदरसों में शुल्क न लेने तथा शासकीय धनराशि का पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

# लोकतंत्र सेनानी स्व० परशुराम कटियार की पुण्य तिथि पर पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ (हरदोई)।** पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा आयोजित लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय परशुराम कटियार की जन्म शताब्दी कार्यक्रम में पहुंचे उपमुखमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तथा सरकार की जनहितकारी नीतियों का बखान किया तथा आपातकाल की बात कहते हुए प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर हमला बोला। थाना बांगरमऊ के सुल्तानपुर में बालिका महा विद्यालय मे जन्म शताब्दी समारोह पर आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन।

जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। जिसके बाद मंच पर पहुंचने पर उन्होंने। मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की।कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। जिससे संघ के लिए यह गौरव की बात है। वह संघ की उंगली पकड़कर पले बढ़े है। कार्यक्रम में उन्होंने संघ के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए वंदन किया। उन्होंने कहा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। और भारत दुनिया का युवा देश है। साथ ही भारत को तेजी के साथ बढ़ती अर्थव्यवस्था करार देते हुए कहा कि दुनिया भारत की तरफ देख रही है। तथा भारत के पास क्षमता है जो दुनिया को आगे लेकर जा सकता है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक समय रायबरेली सीट से इंदिरा गांधी बेइमानी से चुनाव जीती थी जिसका मामला न्यायालय पहुंचा तो



जनादेश व संविधान को दरकिनार कर देश में आपातकाल लगा दिया। जिससे कांग्रेस ने देश के साथ बहुत बड़ी गद्दारी की इस दौरान भी संघ के द्वारा किए गए प्रयासों को देश के दुश्मनों से लड़ाई लड़ने को अहम बताया। उन्होंने संघ की तारीफ करते हुए कहा कि संघ की शाखा से निकले श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई पहले प्रधानमंत्री थे जब कि मोदी दूसरे संघ के प्रधानमंत्री है। जो देश को विकास के पथ पर आगे बढा रहे है। अयोध्या राम मंदिर, जम्मू कश्मीर से 370 हटाने व सोमनाथ मंदिर जीर्णोद्धार व भ्रष्टाचार मुक्त हेतु मनरेगा योजना को जी राम जी योजना के रूप में बदलनेएआदि सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को बताते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाई साथ ही कहा कि महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, भ्रष्टाचार मुक्त भारत आदि सहित देशहित हेतु देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।संबोधन के अंत में संघ की तरफ से प्रकाशित पंचनिष्ठा किताब विमोचन में भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दिनेश, स्वांत रंजन,अवधेश कटियार आदि ने भी संबोधन किया। जन्म शताब्दी कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा का वितरण किया गया। 11 विकलांगों को ट्राई साइकिल वितरित की गई तथा 19 दिव्यांग महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई। तथा लगभग 1100 जरूरतमंद महिला व पुरुष को कम्बल वितरित किए गए। वही अपोलो अस्पताल के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम को प्रतिमा देखकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर संजीव चौधरी, विवेक पटेल, रवेंद्र सिंह, अभय शंकर शुक्ला, नवल महेश्वरी, राजेश पाठक, विशाल जयसवाल, भास्कर मिश्रा, नंदकिशोर गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या राम वर्मा, सतीश वर्मा पूर्व विधायक, अनुसूचित जनजाति पूर्व सदस्य डॉ० अंजू बाला, पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता, पारस दीक्षित सुभाष पांडे नमामि गंगे क्षेत्रीय संयोजक अवध क्षेत्र डॉ० सीपी कटियार, आशीष माहेश्वरी संजीव पाठक, सौरभ मिश्रा हरदोई कर्मवीर सिंह, मदन पटेल, अनुज पटेल आदि सहित बड़ी संख्या में गण मान्य लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन अखिलेश कटियार ने किया वही आयोजक अवधेश कटियार ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया

# कन्नौज को स्वच्छ बनाने में ज़मीनी काम करें अधिकारी: आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

- ■ नगर क्षेत्र के तालाबों की सफाई सुनिश्चित करें अधिशाषी अधिकारी
- ■ ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें जिला पंचायत राज अधिकारी



बैठक करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कन्नौज।** सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला गंगा समितिए जिला स्वच्छता समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद को स्वच्छए हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी श्री अग्निहोत्री ने समस्त अधिशासी अधिकारियो को निर्देशित किया कि श्एक नगर निकायदृएक सरोवरश् की अवधारणा के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी तालाबों की साफसफाई कर उन्हें आकर्षक एवं उपयोगी सरोवर के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तिर्वा को निर्देश दिए कि कोतवाली तिर्वा के सामने स्थित तालाब में जलकुंभी एवं अन्य गंदगी की सफाई हेतु 10 दिवस के भीतर कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ कराया जाए, जिसकी निगरानी स्वयं प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा की जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े गांवों के आसपास जमा कूड़े के ढेरों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पाल चौराहाए जलालपुर पनवारा सहित सड़क किनारे डाले गए कूड़े को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जाए। साथ ही आमजन को स्वच्छता के लाभों एवं कूड़ा इधर-उधर फेंकने से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने हेतु रैलियों एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएं। उन्होंने पॉलीथिन प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए विशेष टीमें गठित कर नियमित छापेमारी करने तथा स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को प्रात:काल स्वयं नगर क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने वन विभाग को निर्देश दिए कि नामित कर्मियों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण-2025 के अंतर्गत रोपित पौधों की गणना पंजिका अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है, वे उसे विधिवत तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें। ठोस अपशिष्ट एवं ई-वेस्ट प्रबंधन के लिए व्यापक एवं प्रभावी रणनीति बनाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उप निदेशक संतोष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विवेकानंद के विचारों का परिणिति रूप डॉ0 सुशील चंद्र त्रिवेदी 'मधुपेश' द्वारा स्थापित वृद्धाश्रम





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** युवा दिवस के अवसर पर डॉ० राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर स्वामी विवेकानंद एवं सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के संस्थापक व संरक्षक बाबूराम त्रिवेदी के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया! सरस्वती वंदना स्वागत गीत बी०ए० की छात्राओं दर्शिका दीक्षित व अंशिका वर्मा के द्वारा गाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाज सेवी सविता सिंह ने कहा जब भी विवेकानंद का नाम आता है तो 1993 का विश्व धर्म सम्मेलन याद आता है जब उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत मेरे भाइयों एवं बहनों कहकर की तो पूरा हाल तालियो की गड़गड़ाहट से गूंज उठा! उन्होंने दुनिया को बताया कि हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति विशाल और समाजसेवी है! स्वामी जी युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत हैं उनका मानना था कि युवा ही देश का भविष्य है उन्होंने एक मंत्र दिया जो आज भी हर युवा के रगों में जोश भर देता है 'उठो जागो तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।' कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि आराधना दुबे प्रवक्ता राजकीय पालीटेक्निक ने कहा विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 में कोलकाता में हुआ था! वह बचपन से ही बहुत जिज्ञासु प्रवृत्ति के थे और सत्य की खोज में लगे रहते थे उनकी यह खोज उन्हें उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के पास ले गई जहां से उनके आध्यात्मिक सफर की शुरुआत हुई स्वामी जी 'नर सेवा को ही नारायण सेवा' मानते थे! उन्होंने कहा कि अगर आप ईश्वर की सेवा करना चाहते हैं तो दीन दुखियों की सेवा करें! वह एक आधुनिक सन्यासी थे जिन्होंने आध्यात्मिकता को कर्म से जोड़ा और 39 वर्ष की अल्पायु में जो कार्य किया वह हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा! कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ० शीर्षेन्दु शील 'विपिन' संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना ने कहा हम सबको स्वामी विवेकानंद के जीवन से युवाओं सीखना चाहिए। आज हम सभी लोग संकल्प ले कि हम उनके द्वारा बताए हुए साहस एसेवा ए एकाग्रता के मार्ग पर चलेंगे और अपने देश को उन्नति के शिखर पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्थान के संस्थापक प्रबंधक डॉ० सुशील चंद्र त्रिवेदी 'मधुपेश'के परम पूज्य पिता बाबूराम त्रिवेदी का भी जन्म उत्सव आज है! उनकी ही प्रेरणा से डॉ० त्रिवेदी ने अपना जीवन समाज सेवा के लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों का अनुपालन करते हुए दिया। उन्होंने जहां शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के विद्यालयों की स्थापना की वहीं दूसरी तरफ हरदोई, सीतापुर, कानपुर, झांसी, वृंदावन जैसे स्थानों पर समाज से निराश्रित वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्नों की स्थापना के माध्यम से सेवा का कार्य निरंतर कर रहे हैं। डॉ० एस.के. पांडेय विभाग अध्यक्ष बी०एड० विभाग ने अतिथियों का आभार विज्ञापन किया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक तथा अभिषेक मिश्रा अदीबा, अमन सिंह, अनामिका, अनिकेत राठौर, अंशु कुमार, अनुराग मिश्रा, अनुष्का गुप्ता, दिव्यांशी, गोपाल, हर्ष गुप्ता, काव्य प्रकाश आदि छात्र एवं छात्राएं एवं डॉ० रश्मि द्विवेदी, डॉ० विवेक बाजपेई, सुमन कुशवाहा, पारुल गुप्ता, मेघा गुप्ता, अवंतिका, नीरज, शिवम शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे मंच संचालन आनंद विशारद ने किया!

## गरीब, पिछड़े, दलित और महिलाओं के अधिकारों की मज़बूत आवाज़ प्रियंका गाँधी: आशीष सिंह

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिन एक लॉन के कैंप कार्यकाल शहर कांग्रेस कमेटी मोमिनाबाद में



मनाया गया। इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि प्रियंका गांधी देश के गरीब, पिछड़, दलित और महिलाओं के अधिकारों की मज़बूत आवाज़ हैं। छात्रों और युवाओं के हर संघर्ष में उनके साथ खड़ी रहने वाली नेता हैं। न्याय, साहस और संवेदना के मूल्य हमारी प्रेरणा और आदर्श हैं। इस अवसर पूर्व शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने कहा कि प्रियंका गाँधी की की स्पष्ट सोच, जनपक्षधर दृष्टि और सामाजिक न्याय के प्रति अडिग प्रतिबद्धता लोकतंत्र को निरंतर मजबूती देती है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव निर्भान सिंह यादव ने कहा कि प्रियंका गाँधी सत्य और साहस की पर्याय हैं । आपका सांगठनिक अनुभव और आपकी रणनीति हम सबको राह दिखाती है। हम सब ईश्वर से आपके सुदीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हैं। इस अवसर पर युवा कांग्रेस पूर्व उपाध्यक्ष शाद अंसारी, साहिबे आलम, मोहम्मद कासिम, सलमान अहमद, सलाम मंसूरी, फहीम सिद्दी, नीरज सविता, राकेश गौतम, आदि साथी मौजूद रहे।

## पिहानी पुलिस ने पचीस हजार का इनामिया गिरफ्तार किया

**शाहाबाद (हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी पुलिस ने गिरोहबंद के



वांछित चल रहे पचीस हजार रूपए के इनामिया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एक जनवरी को प्रभारी निरीक्षक पिहानी द्वारा राजकुमार उर्फ लालू पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम नरधिरा सहित कुल 04 अभियुक्तों के विरुद्ध आर्थिक एवं भौतिक लाभ के उद्देश्य से संगठित रुप से गिरोह बनाकर धोखाधड़ी व जालसाजी जैसे जघन्य अपराध करने, समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त रहने पर 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम किया गया था। उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद राजकुमार उर्फ लालू पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम नरधिरा को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस प्रयास जारी हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## आशा कार्यकत्रियों का धरना समाप्त करने के लिए सीएमओ ने की वार्ता



कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठी आशा कार्यकत्रियों से वार्ता करते सीएमओ डॉ० स्वदेश कुमार गुप्ता फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कन्नौज।** सोमवार को दोपहर बाद मुख्य डॉ० स्वदेश कुमार गुप्ता ने कार्यालय के बाहर लंबे अरसे से धरना दे रही आशा कार्यकत्रियों से धरना समाप्त करने हेतु वार्ता की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० स्वदेश गुप्ता ने बताया है कि ग्रामीण महिला एवं बाल कल्याण आशा एसोसिएशन ;पंजीकृतद्ध, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद शाखा कन्नौज की जिलाध्यक्ष रानी देवी द्वारा पत्र 10 दिसम्बर 2025 के माध्यम से जनपद में कार्यरत आशा कार्यकत्रियों की विभिन्न मांगों एवं अन्य समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। जिसके बाद संगठन से जुड़ी आशा कार्यकत्रियों ने धरना देना शुरू कर दिया गया था।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से आशा कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी घोषित किए जाने, जब तक यह घोषित न हो तब तक 25,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय प्रदान किए जाने, समस्त सरकारी महिला एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर बैठने एवं रात्रि विश्राम हेतु विश्राम कक्ष की व्यवस्था, हाईस्कूलध्इंटरमीडिएट उत्तीर्ण आशाओं को ए०एन०एम० के विभागीय प्रशिक्षण हेतु अवसर प्रदान करनेए ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई.सी. जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जीवन बीमा सुविधा दिए जाने जैसी मांगें सम्मिलित हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० स्वदेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मांग संख्या-03 के क्रम में जनपद के समस्त सरकारी महिला एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा कार्यकत्रियों के लिए बैठने एवं रात्रि विश्राम हेतु विश्राम कक्ष की व्यवस्था की जा चुकी है। इसी प्रकार मांग संख्या-06 के अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 951 पात्र आशा कार्यकत्रियों के सापेक्ष 825, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 251 पात्र के सापेक्ष 225 तथा प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में 1012 पात्र के सापेक्ष 587 आशा कार्यकत्रियों का बीमा कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त समस्त तथ्यों से मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। शेष मांगों पर निर्णय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के स्तर से लिया जाना है। सोमवार को आशा कार्य कत्रियों के धरना-प्रदर्शन को समाप्त कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिलाध्यक्ष रानी देवी एवं अन्य पदाधिकारियों से वार्ता की गई। इस दौरान रानी देवी द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी मांगें राज्य सरकार से संबंधित हैं तथा धरना प्रदर्शन समाप्त करने के लिए सरकार के किसी प्रतिनिधि द्वारा आकर आश्वासन दिया जाना आवश्यक है। इस संबंध में विधायक, छिबरामऊ से भी वार्ता की गई है, जिनके द्वारा मौके पर पहुंचकर धरना समाप्त कराने का आश्वासन दिया गया है।

## बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर लगे तुरंत रोक: आशुतोष पाठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे संगठित अत्याचार के विरोध में आम आदमी पार्टी ने निकाली यात्राए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंप कर भारत सरकार कूटनीतिक-व्यापारिक संबंधों पर तत्काल समाप्त करने, बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर तुरंत रोक लगाने, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में जिस प्रकार विशेष अतिथि की तरह संरक्षण देने पर फिर से विचार करने की मांग की है आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष आशुतोष पाठक ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद भारत की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है।

## मारपीट में इलाज के दौरान हुई युवक की मौत, प्रधान प्रतिनिधि और सभासद सहित आठ लोगों पर हुई एफआईआर दर्ज

**मल्लावाँ (हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बा व थाना मल्लावां मोहल्ला गोवर्धनपुर मे एक युवक के साथ 4 जनवरी को हुई मारपीट में इलाज के दौरान युवक की मौत हो जाने से परिजनों द्वारा दिए गए तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला गोवर्धनपुर निवासी करण कुमार पुत्र शिव शंकर लाल वर्मा द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि वादी का चचेरा भाई सौरभ कुमार (35) पुत्र महावीर प्रसाद जो कि 4 जनवरी को समय करीब ०1:00 दिन में अपने दरवाजे पर खड़ा था पूर्व की रंजिश मानते हुए एक राय होकर अनुपम सिंह पुत्र राजाराम कनौजिया निवासी बरहुवां कुलदीप पुत्र अज्ञात एक अज्ञात व्यक्ति निवासी बरहुवा रज्जाक पुत्र मैकू निवासी मोहल्ला भगवंत नगर मेरे दरवाजे आकर मेरे भाई सौरभ कुमार को पकड़ कर साथ में आयुष्मान पटेल उर्फ पारस पुत्र स्वर्गीय विजयपाल



निवासी गोवर्धनपुर के घर ले जाकर विनीत कुमार उर्फ विक्की पुत्र दिलीप कुमार सभासद मुकेश पुत्र अमर सिंह बंदना पटेल पुत्री स्वर्गीय विजयपाल सभी उपरोक्त लोगो ने मेरे भाई सौरभ कुमार को लात डंडे और बेल्टो से बुरी तरह से मारा था जिससे वादी के भाई सौरभ कुमार के शरीर में कई जगह गंभीर छोटे आ जाने से सीएचसी मल्लावां ले जाया गया जहां से मेरे भाई का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। जिसकी सूचना दिनांक 6 जनवरी को मेरे भाई सौरभ कुमार द्वारा स्थानीय थाना मल्लावां में प्रार्थना पत्र देकर के कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन स्थानीय थाना पुलिस ने दिनांक 6 तारीख को दिए गए प्रार्थना पत्र पर कोई ध्यान नहीं दिया। और मेरे भाई की हालत अस्पताल में गंभीर होती रही दिनांक 10 जनवरी को मेरा भाई सौरभ कुमार लगभग ०5:00 बजे घर में मृत्यु हो गई जिसकी सूचना स्थानीय थाना मल्लावां पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचायत नामा करके पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया पुलिस जाच मे जुटी है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

राष्ट्रीय प्रस्तावना



राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते युवा



**कन्नौज।** राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर सोमवार को जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल कन्नौज के तत्वावधान में जिले की छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के मिघौली स्थित स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल, कबड्डी एवं 1600 मीटर दौड़ की स्पर्धाएं आयोजित की गईंए जिनमें जनपद के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। 1600 मीटर बालिका वर्ग में हिमांशी यादव ने प्रथमए रियांशी ने द्वितीय तथा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 1600 मीटर बालक वर्ग में आयुष प्रथम, अर्पित द्वितीय एवं राहुल तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी बालिका वर्ग में डी०के० स्पोर्ट्स अकादमी विजेता तथा छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब उप विजेता रही, वहीं कबड्डी बालक वर्ग में छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब ने विजेता और डी०के० स्पोर्ट्स अकादमी ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल बालिका वर्ग में हीरालाल इंटर कॉलेज विजेता तथा डी०के० स्पोर्ट्स अकादमी उप विजेता रही। इसी तरह वॉलीबॉल बालक वर्ग में डी०के० स्पोर्ट्स अकादमी विजेता और छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब उप विजेता रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश सिंह, अवर अभियंता लघु सिंचाई विभाग उदय भान सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

- ■ जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल कन्नौज द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं ने किया उत्साह पूर्वक प्रतिभाग

## विवाहिता ने पति सहित पांच ससुरारी जनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** एक विवाहिता ने पति सहित पांच ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम टुमुरकी निवासी नियाजमी पुत्री मुनीम अली के अनुसार उसका विवाह 03 नवंबर 2024 को शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला महमंद निवासी नदीम अंसारी पुत्र गुड्डू अंसारी के साथ संपन्न हुआ। जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दहेज भी दिया। विवाह के कुछ दिन बाद पांच लाख रुपए की नकदी और एक सोने की चेन को लेकर उसकी ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। लेकिन वह यह सोचकर घर में बनी रही कि शायद बच्चा होने के बाद इन लोगों की सोच बदल जाए। 9 मई 2025 को जब उसके प्रेगनेंसी का दर्द हुआ तो उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया और कहा जब तेरे मायके वाले इलाज के लिए पैसे देंगे तब इलाज करवाएंगे। तब नियाजमी अपने मायके में रहने लगी । नियाजमी के अनुसार उसने जब महिला थाने में प्रार्थना पत्र दिया तब सुलह समझौता के आधार पर उसका पति उसे अपने साथ ले गया लेकिन दोबारा दहेज की मांग करते हुए 22 अक्टूबर 2025 को फिर से निकाल दिया। मायके में विवाहिता की तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पैदाइश के दौरान उसके बच्चे की मौत हो गई। ससुराल वालों को सूचना दी गई परंतु कोई भी अस्पताल नहीं पहुंचा। विवाहिता ने पति नदीम अंसारी, ससुर गुड्डू अंसारी, सास सन्नो, तथा देवर फैज और अजीम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया। प्रभारी निरीक्षक मंझिला ने बताया तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी गई है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै अभय शुक्ला पुत्र रवि शंकर शुक्ला, निवासी मकान नम्बर 545क/एम.पी. 273 आर.डी. मेमोरियल विद्यालय के पास मायापुरम दीप्ति खेड़ा, लखनऊ का निवासी हूं। मेरी बीमा पालिसी संख्या-222393353 में सुजल शुक्ला, निवासी-निकट गैस एजेंसी सुंबा बाग संडीला, हरदोई अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में अभय शुक्ला पुत्र रवि शंकर शुक्ला निवासी मकान नम्बर 545क/एम.पी. 273 आर.डी. मेमोरियल विद्यालय के पास मायापुरम दीप्ति खेड़ा लखनऊ दर्ज है। अतः मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

अभय शुक्ला पुत्र रवि शंकर शुक्ला,
निवासी मकान नम्बर 545क/एम.पी. 273
आर.डी. मेमोरियल विद्यालय के पास मायापुरम
दीप्ति खेड़ा, लखनऊ।

## जिला स्तरीय पोषण समिति की समीक्षा बैठक 13 जनवरी को: जिला कार्यक्रम अधिकारी

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला स्तरीय पोषण समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 13 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानन्द सभागार में अपरान्ह 01 बजे आहूत की गयी है। उन्होने समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों आदि से कहा है उक्त बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# नैटफ्लिक्स ने बदल दी स्ट्रीमिंग की दुनिया

इस सप्ताह नैटफ्लिक्स भारत में 10 साल पूरे कर रहा है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर और भारत में मीडिया के मानचित्र के पतन और उसके बाद हुए पुर्ननिर्धारण पर फिर से विचार करने का यह एक उपयुक्त समय है। 1990 के दशक में नैटफ्लिक्स डी.वी.डी. किराए पर देता था। इसने यूट्यूब के 5 साल बाद, 2010 में स्ट्रीमिंग शुरू की। हालांकि, 'हाऊस ऑफ काड्र्स' के निर्माण ने सब कुछ बदल दिया। पहले दो सीजन के 26 एपिसोड बनाने में 10 करोड़ डॉलर का खर्च आया, जो एक पूरी फिल्म के बजट के बराबर था। एक सीजन के सभी एपिसोड एक साथ रिलीज किए गए और इसकी कीमत 8 से 12 डॉलर प्रति माह थी, जबकि केबल टी.वी. की कीमत 50 डॉलर या उससे अधिक थी। यह मनोरंजन जगत में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव था, जब से एम.पी.3 जैसी कंप्रैशन तकनीकों ने 90 के दशक के उत्तरार्ध में संगीत उद्योग को तबाह कर दिया था। नैटफ्लिक्स ने ऑन-डिमांड, भुगतान-आधारित स्ट्रीमिंग की संभावनाओं को प्रदर्शित किया, जो एक ही समय में लीनियर टैलीविजन, थिएटर रिलीज और समाचार चौनलों को प्रतिस्थापित कर सकती थी और इसने उस क्षमता को साकार भी किया। 39 बिलियन डॉलर के साथ राजस्व और 300 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबरों के मामले में, यह दुनिया की सबसे बड़ी पेड स्ट्रीमिंग सेवा है। ये वे दर्शक थे, जिनके लिए दूसरे भी तरस रहे थे। चाहे बात ज्यादा उत्पाद बेचने की हो (अमेजन की) या लोगों को ज्यादा खोज करने के लिए प्रेरित करने की (गूगल की), कई बड़ी तकनीकी कंपनियों को भौगोलिक क्षेत्रों, तकनीकों और उपकरणों में फैले विशाल दर्शकों की जरूरत थी। इनमें से ज्यादातर, जैसे अमेजन और एप्पल, फॉक्स, डिज्नी, वार्नर जैसी पुरानी मीडिया कंपनियों के साथ, वीडियो स्ट्रीमिंग में हाथ आजमा रहे थे। लेकिन नैटफ्लिक्स के आने के बाद, स्ट्रीमिंग एक गंभीर क्षेत्र बन गया और अमेजन प्राइम वीडियो, एप्पल और कई अन्य कंपनियों ने भी अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि जिनके पास सबसे ज्यादा संसाधन और प्लेटफॉर्म होंगे, उनकी सौदेबाजी की शक्ति सबसे ज्यादा होगी। टैक्नोलॉजी और मीडिया क्षेत्र की बड़ी कंपनियों का कुल राजस्व 160 अरब डॉलर से लेकर 600 अरब डॉलर तक है। सबसे बड़े पारंपरिक स्टूडियो का राजस्व 30 अरब डॉलर से 80 अरब डॉलर के बीच है। यही कारण है कि 2017 में रूपर्ट मर्डोक ने ट्वंटी-फर्स्ट सैंचुरी फॉक्स की मनोरंजन संपत्तियों, जिनमें स्टार इंडिया भी शामिल थी, को वॉल्ट डिज्नी कंपनी को बेचने का फैसला किया। लगभग उसी समय, जी कंपनी प्रोमोटरों द्वारा उत्पन्न ऋण संकट से जूझ रही थी, उसने अपने हिस्से की बिक्री करने का निर्णय लिया। सोनी-जी का विलय तो नहीं हो पाया लेकिन पी.वी.आर.-इनॉक्स और जियोस्टार (स्टार इंडिया और वायाकॉम 18) जैसे अन्य विलय हो गए। जिस तरह वैश्विक मानचित्र में बदलाव आया, उसी तरह भारतीय मानचित्र में भी बदलाव आया। दस साल पहले किसी आइसलैंडिक शो को ढूंढना, उसका आनंद लेना और फिर और भी देखने की इच्छा रखना कितना संभव था? स्ट्रीमिंग वीडियो या ओ.टी.टी. द्वारा दुनिया भर से पेश की जाने वाली कहानियों का भंडार असाधारण है और नैटफ्लिक्स ने हमें इनसे परिचित कराया, जिसके बाद अन्य चौनल भी जुड़ गए। जिस तरह आप और मैं कोलंबियाई, स्पैनिश, जर्मन, तुर्की या कोरियाई शो और फिल्में खोज रहे हैं, उसी तरह दुनिया भर में लाखों लोग कोहरा, पाताल लोक, मिर्ज़ापुर, फैमिली मैन या दिल्ली क्राइम जैसी भारतीय फिल्मों और शोज को खोज रहे हैं। ये स्थानीय कहानियां हैं, जिन्हें भारतीय कहानीकारों ने भारतीय भाषाओं में सुनाया है। स्ट्रीमिंग के जरिए इन्हें वैश्विक स्तर पर पहुंचाया जा रहा है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। नैटफ्लिक्स या अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाला हर भारतीय शो 200 देशों में उपलब्ध है। इनमें से कई शो की समीक्षा दुनिया भर के कुछ प्रमुख समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और टी.वी. चौनलों में की जाती है। विदेशों में रिलीज हुई कुछ सबसे बड़ी भारतीय फिल्में-फॉक्स स्टूडियो की 'माई नेम इज खान' (2010) या डिज्नी की 'दंगल' (2016)-को यह लोकप्रियता नहीं मिली। दशकों से 'क्रॉसओवर फिल्म' की चर्चा के बाद, भारतीय कहानियां आखिरकार क्रॉसओवर कर रही हैं। उन्हें नियमित रूप से अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कारों के लिए नामांकित किया जा रहा है। 2020 में 'दिल्ली क्राइम' और 2023 में 'वीर दास' की लैंडिंग ने पुरस्कार जीते। दोनों फिल्में नैटफ्लिक्स पर थीं।

**1990 के दशक में नैटफ्लिक्स डी.वी.डी. किराए पर देता था। इसने यूट्यूब के 5 साल बाद, 2010 में स्ट्रीमिंग शुरू की। हालांकि, 'हाऊस ऑफ काड्र्स' के निर्माण ने सब कुछ बदल दिया। पहले दो सीजन के 26 एपिसोड बनाने में 10 करोड़ डॉलर का खर्च आया, जो एक पूरी फिल्म के बजट के बराबर था। एक सीजन के सभी एपिसोड एक साथ रिलीज किए गए और इसकी कीमत 8 से 12 डॉलर प्रति माह थी, जबकि केबल टी.वी. की कीमत 50 डॉलर या उससे अधिक थी।**

# वेनेजुएला संकट

अमित सोमवंशी

**अमरीकी सेना के डेल्टा फोर्स द्वारा एक विशिष्ट सैन्य ऑपरेशन चलाकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति ''निकोलस मादुरो'' एवं उनकी पत्नी ''सिलिया फलोरेस'' को हिरासत में लेने की। इस तरह की घटना 18-19 वीं सदी के उपनिशेवाद की याद दिलाती है। 21 वीं सदी में जहाँ संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी अंर्तराष्ट्रीय संस्थान शांतिपूर्ण सहअस्तित्व वाले विश्व के लिए तमाम नियमों, कानूनों का ताना बाना बनाकर संपूर्ण विश्व को एक परिवार बनाने में जुटे है, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अंजाम दी गई यह घटना विश्व शांति व अंर्तराष्ट्रीय संस्थानों के नियमों को ताक पर रखकर ''जिसकी लाठी उसकी भैंस'' के मुहावरे को चरितार्थ कर रही है। आगे के भाग में इसका विस्तार से विश्लेषण किया गया है। वेनेजुएला दक्षिण अफ्रीका का एक प्रमुख देशों जिसे लैटिन अमेरिका के अग्रणी देशों में जाना जाता है।**

2026 के स्वागत का माहौल थमा भी नही था कि 03 जनवरी को एक खबर ने पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया। विश्व के सभी लोग, अंर्तराष्ट्रीय मामलों के जानकार, विश्व शांति के पक्षधर आश्चर्य चकित थे कि कोई देश एक संपूर्ण संप्रभु सम्पन्न देश के राष्ट्राध्यक्ष को सैन्य दल द्वारा कैसे अगवा कर सकता है।

खबर थी अमरीकी सेना के डेल्टा फोर्स द्वारा एक विशिष्ट सैन्य ऑपरेशन चलाकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति ''निकोलस मादुरो'' एवं उनकी पत्नी ''सिलिया फलोरेस'' को हिरासत में लेने की। इस तरह की घटना 18-19 वीं सदी के उपनिशेवाद की याद दिलाती है। 21 वीं सदी में जहाँ संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी अंर्तराष्ट्रीय संस्थान शांतिपूर्ण सहअस्तित्व वाले विश्व के लिए तमाम नियमों, कानूनों का ताना बाना बनाकर संपूर्ण विश्व को एक परिवार बनाने में जुटे है, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अंजाम दी गई यह घटना विश्व शांति व अंर्तराष्ट्रीय संस्थानों के नियमों को ताक पर रखकर ''जिसकी लाठी उसकी भैंस'' के मुहावरे को चरितार्थ कर रही है। आगे के भाग में इसका विस्तार से विश्लेषण किया गया है। वेनेजुएला दक्षिण अफ्रीका का एक प्रमुख देशों जिसे लैटिन अमेरिका के अग्रणी देशों में जाना जाता है। 15-16 वीं शताब्दी में लेटिन देशों (स्पेन, पुतर्गाल, फांस) के उपनिवेशों वाले अमरीकी महाद्वीप के देशों को लेटिन अमेरिका के नाम से जाना जाता है। स्पेन के उपनिवेशवाद को परास्त करके 1821 में ग्रेन कोलंबिया (वर्तमान में कोलर्बिया, पनामा और इक्वाडोर के साथ वेनेजुएला) तथा पुनः 1830 में ग्रेन कोलंबिया से वेनेजुएला ने स्वतंत्रता प्राप्त की। प्रारंभिक दिनों में राज्य अस्थिरता और सैन्य नेताओं का शासन बार-बार परिवर्तन के बीच 1939 के बाद सैन्य शासन कमजोर हुआ और राजनीतिक दलों की भुमिका बढी। 1945 के चुनाव ने लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबुत करते हुए सत्ता में राजनीतिक पार्टियो को भागीदार बनाया।1947 में नए संविधान और आम चुनावों ने लोकतंत्र को स्थापित किया। 1948 मे फिर तख्तापलट हुआ और सैन्य तानाशाही आयी। सैन्य तानाशाही के बाद 1958 में पुनः लोकतांत्रिक प्रणाली की स्थापना हुई। 1990 के दशक में बढ़ती गरीबी, भ्रष्टाचार और सत्ता से नाखुसी के बीच 1998 के चुनाव में जनता की आशा के रूप में ''हुगों चावेज'' नामक सितारे का उदय हुआ जिसने आर्थिक, व्यावहरिक व विदेश नीति में आमूल परिवर्तन किया। हुगों चावेज ने आर्थिक समानता एवं सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए स्वतंत्रता सेनानी (सिमोन बोलिवर) के नाम पर ''बोलिवरियाई क्रांति'' की स्थापना की तथा 1999 में संविधान संशोधन करके वेनेजुएला को ''बोलिवियन राज्य'' घोषित किया। चावेज का शासन एक केन्द्रीकृत मजबूत कार्यपालिका की और गया।

वर्ष 2013 में चावेज की मौत के बाद निकोलस मादुरो सत्ता में आए। मादुरो ने सत्ता को और ज्यादा केन्द्रीकृत करते हुए संस्थानों को कमजोर किया। मादुरो ने लंबे समय तक शासन के लिए सैन्य अधिकारों को भी लाभ के पद पर स्थापित करके सैन्य समर्थन की पुरजोर कोशिश की। वर्ष 2024 के विवादास्पद चुनावों में मादुरो पुनः सत्ता में आए, हालांकि विपक्ष जबरदस्ती सत्ता हथियाने का आरोप लगाता है।

वेनेजुएला के अमरीका के साथ संबंधों का प्रांरभिक दौर बहुत ही मैत्रीपूर्ण रहा। 1902 के वेनेजुएला संकट में अमेरिका ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल वेनेजुएला को संकट से निकालने में किया। 1904 में रूजवेल्ट ने लैटिन अमरीकी देशों के हितों में अंर्तराष्ट्रीय पुलिस की भुमिका की घोषणा की। 20 वीं सदी के शुरूआती दशकों में वेनेजुएला के तेल की खोज ने अमेरीकी उर्जा हितों के कारण सौहादपूर्ण संबंध रहें एवं दोनों देशों के बीच नजदीकिया बढ़ी। हालांकि 1958 में अमरीकी राष्ट्रपति निक्सन के काफिले पर हुआ हमला दोनो देशों के बीच तनाव का प्रतीकात्मक क्षण था।

1958 के बाद लोकंतात्रिक दौर जिसको अमेरिका का भरपूर समर्थन मिला और संबंध उर्जा हितों एवं सामरिक हितों पर आधारित रहे। शीत युद्ध के दौरान जब लैटिन अमेरिकी देश क्यूबा, निकारागुआ, कॉलबिया, चिली आदि वामपंथी विचारधारा अपनाते हुए सोवियत संघ से नजदीकी संबंध प्रदर्शित किए उस समय वेनेजुएला अमरीका के साथ खडा नजर आया।

1998 में हुगों चावेज के दौर में अमरीका से संबंधो में दुरी आयी। चावेज ने तेल क्षेत्र को राष्ट्रीयकृत किया। अमेरिका के प्रति आलोचनात्मक रूप अपनाते हुए चीन क्युबा जैसे देशों से गठजोड़ बढ़ाया। अमरीका ने 2002 में हुगों चावेज के तख्तापलट का भी प्रयास किया।

निकोलस मादुरो ने भी अपने गुरु हुगों चावेज की नीतियों के अन्तर्गत अमरीकी विरोध जारी रखा। वर्ष 2014 से वेनेजुएला पर प्रारंभ हुआ अमरीकी प्रतिबंध वर्ष 2017-18 में गंभीर आर्थिक प्रतिबंध में तब्दील हो गया। अमेरिका ने वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी PPVSA पर प्रतिबंध लगाए। उसकी अमेरिकी संपतियों को बंद करके अमेरिकी कंपनियो से व्यापार रोक दिया। मुद्रा, ऋण और डिजिटल वित्तीय लेन-देन पर भी प्रतिबंध लगाया। हन प्रतिबंधों से तेल का निर्यात बहुत प्रभावित हुआ। तेल-आधारित वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई।

वर्ष 2019 के चुनावों के बाद निकोलस मादुरों के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शन आर्थिक संकट, मंहगाई, नगद और दवाईयों की कमी, बेरोजगारी आदि मुद्धों ने इस प्रदर्शन को और आग दी। वर्ष 2024 के चुनावों के बाद जिसमें विपक्ष ने धोखाधडी का गंभीर आरोप लगाया। तथा विपक्षी नेता ''मारिया कोरिना माचाडो'' जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार भी प्राप्त है, के समर्थन में दिसम्बर 2025 में प्रदर्शन ने उग्र रूप लिया। इस विरोध का दमन करने के लिए मादुरो ने सैन्य बलों और हिंसा का भी सहारा लिया जिससे अमेरिका व पश्चिमी देशों ने मादुरो शासन पर ''मानवाधिकार उल्लघंन'' का गंभीर आरोप लगाया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिसंबर 2025 से आर्थिक प्रतिबंधो को और सख्त करते हुए वेनेजुएला से प्रतिबंधित तेल टैकंरो का आना जाना पुरी तरह से रोकने की कोशिश की। अमेरिका ने कुछ तेल टैंकरो को जबरन रोका जिसमें से एक टैंकर रूस का भी था। जिसकी विश्व पटल पर बहुत आलोचना हुई। अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच वेनेजुएला ने तेल आपूर्ति रूस व चीन जैसे देशों को निर्यात करना शुरू कर दिया था जिससे आर्थिक संकट टल सके।

इस बीच अमेरिका ने वेनेजुएला में होने वाले तेल निर्यात को रोकने हेतु ''Southern spear'' नामक अभियान के तहत कैरबियन सागर और प्रशांत महासागर में कई नावों/जहाजों पर हवाई स्ट्राईक किए और विश्व को यह बताया कि इन जहाजों में नशीली दवाओं को अमेरिका की और ले जा रहे थे। इन हमलों को ''नार्को-आंतकवाद'' व नशीली दवाओं के तस्करी के खिलाफ युद्ध का रूप दिया।

अंततोगत्वा निकोलस मादुरो के शासन को पूर्णतया समाप्त करने व मादुरो को गिरफ्तार करने के लिए 03 जनवरी 2026 को अमेरिकी सेना के डेल्टा फोर्स ने एक विशेष सैन्य कारवाई की तथा मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाए।







हालांकि जिस वेनेजुएला सेना पर संपूर्ण नियंत्रण के लिए मादुरो ने पदोन्नति देते हुए हजारों अधिकारियो को जनरल रैंक तक पहुंचाया सैन्य अधिकारियों को सीमा क्षेत्रों, कस्टम तेल, खनन प्रोजेक्टस, आर्थिक गतिविधियों के प्रबंधन सौपें वहीं सेना मादुरों की वफादार साबित नहीं हुई और अमेरिकी सैन्य कारवाई का विरोध प्रभावी ढंग से नहीं कर पाई।

इस संपूर्ण घटना को अमेरिका-भले ही ''नार्को आंतकवाद'' ''मानवाधिकार उल्लंघन'' जनता के अधिकारों का दमन के खिलाफ कारवाई का रूप दे रहा हो परंतु 21 वीं सदी में किसी संप्रभुसम्पन्न देश के खिलाफ इस तरह की कार्यवाही कही से भी न्यायोचित नहीं है। आज विश्व के अन्य शक्तिशाली देशों ने यथा रूस, चीन, युरोप वैश्विक दक्षिण के अगुआ भारत ने पुरजोर विरोध करते हुए अमेरिका को नहीं रोका तो इसके परिणाम भयानक होगें। जिस वेनेजुएला ने क्षेत्रीय एकता के लिए ALBA, UNASUR जैसे क्षेत्रीय संस्थानों और शरणार्थी समन्वय के लिए Quito prours तेल आपूर्ति सुगम करने के लिए ''पेत्रोकारिबे'' जैसे कार्यक्रम चलाए आज वेनेजुएला संकट में क्षेत्रीय देश कहां है। चीन जो कि वेनेजुएला को वर्ष 2002 से 23 के बीच लगभग 100 अरब डॉलर का कर्ज/निवेश कर चुका है। वर्तमान में भी तेल उत्पादन, तकनीकी प्रौधोगिकी, खनन परिवहन व निर्माण के क्षेत्र में निवेश के सहयोग के समझोते किए। वेनेजुएला संकट पर चीन/अमेरिका का पुरजोर विरोध क्यों नही कर रहा है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थानों की चुप्पी वैश्विक सरकार, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, सहयोग आदि भावनाओं को कमजोर कर रही है। यह घटना निकट भविष्य में पुनरावृतियों को आमंत्रित कर रही है। अंत में हिंदी प्रख्यात हिंदी कवि अज्ञेय की पंक्तियों ''अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने होंगे/तोडने होगें मठ और गढ़ सब'' को याद दिलाते हुए। संपूर्ण विश्व से व वैश्विक संस्थाओं से एकजुट होकर अमेरिकी सैन्य कारवाई का पुरजोर विरोध करने की उम्मीद करता हूँ जिससे विश्व में शांति सहयोग के साथ वैश्विक सरकार की स्थापना हो सके। इसके साथ ही वेनेजुएला के राजनैतिक पाठियों से यह उम्मीद करता हूँ कि आपसी विमर्श से अपनी आंतरिक समस्या का समाधान करते हुए संपूर्ण विश्व को अपने परिपक्व लोकतांत्रिक शक्तियों का परिचय दें।

# केन्द्र से टकराने की सतही राजनीति

हृदयनारायण दीक्षित

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत पहले ही बंगाल विधानसभा चुनाव को जीतने की महत्वाकांक्षा प्रकट कर दी थी। इसी क्रम में गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल का तीन दिवसीय दौरा किया था। उन्होंने तृणमूल के कुशासन की ओर जनता का ध्यान खींचा और राजग की शक्ति का गुरु मंत्र भाजपा के नेताओं को दिया। शाह ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विदेशी घुसपैठ की राजनीति के स्थान पर विकास, विरासत और गरीब कल्याण की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प बंगाल की जनता में दिखाई पड़ रहा है। ममता बनर्जी साल 2021 का विधानसभा चुनाव जीती भी थीं। भाजपा भी पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव लड़ी और नेता विरोधी दल का पद हथियाने में सफल रही। साल 2021 की तुलना में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। राजग का विस्तार हो रहा है। विदेशी घुसपैठ को लेकर ममता विपक्ष के आरोपों के घेरे में हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हुई हिंसा से विश्व आहत है। पश्चिम बंगाल के हिन्दू मतदाता भी बांग्लादेश की घटनाओं से आक्रोश में हैं।**

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संवैधानिक संकट पैदा कर दिया है। वे केन्द्रीय जांच एजेंसियों से भिड़ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यहां तृणमूल कांग्रेस के रणनीतिकार के आवास व कार्यालय पर छापा मारा। बताया गया कि एक घोटाले की जांच के लिए यह कार्यवाही की गई है, लेकिन जांच व कार्यवाही के समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंच गईं। वे अपने साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी ले गईं। दोनों पक्षों के बीच तीखी बातचीत हुई। आरोप-प्रत्यारोप लगे। प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि यह छापा कोयला तस्करी से संबंधित मनी लॉनड्रिंग से जुड़े हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने छापे मारने की आड़ में उनके चुनावी रणनीति सम्बन्धी रिकार्ड को जब्त किया। प्रत्याशियों की सूची भी छीन ली गई है। इस आलेख के लिखे जाने तक तृणमूल कांग्रेस के लगभग दो दर्जन सांसद राजधानी दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर धरना दे रहे हैं। केन्द्रीय जांच एजेंसी के सामने राज्य पुलिस को खड़ा कर देना गंभीर संवैधानिक संकट पैदा कर सकता है। सबसे खास बात है कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद ममता ने घोषणा की कि प्रवर्तन निदेशालय के छापे के जवाब में पश्चिम बंगाल में भाजपा के कार्यालयों पर छापेमारी की जाए तो क्या होगा। वे संविधान की परवाह नहीं करतीं। केन्द्र से टकराव लेना और स्वयं को केन्द्र द्वारा पीड़ित बताना ममता की राजनीति का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल में जब तब केन्द्र और राज्य के बीच टकराव की घटनाएं होती ही रहती हैं। जनता ऐसी घटनाओं व ममता से ऊब गई है। तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर हो रही है। उम्र और परिस्थितियां ममता बनर्जी की सरकार बनाने में सक्षम नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत पहले ही बंगाल विधानसभा चुनाव को जीतने की महत्वाकांक्षा प्रकट कर दी थी। इसी क्रम में गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल का तीन दिवसीय दौरा किया था। उन्होंने तृणमूल के कुशासन की ओर जनता का ध्यान खींचा और राजग की शक्ति का गुरु मंत्र भाजपा के नेताओं को दिया। शाह ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विदेशी घुसपैठ की राजनीति के स्थान पर विकास, विरासत और गरीब कल्याण की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प बंगाल की जनता में दिखाई पड़ रहा है। ममता बनर्जी साल 2021 का विधानसभा चुनाव जीती भी थीं। भाजपा भी पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव लड़ी और नेता विरोधी दल का पद हथियाने में सफल रही। साल 2021 की तुलना में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। राजग का विस्तार हो रहा है। विदेशी घुसपैठ को लेकर ममता विपक्ष के आरोपों के घेरे में हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हुई हिंसा से विश्व आहत है। पश्चिम बंगाल के हिन्दू मतदाता भी बांग्लादेश की घटनाओं से आक्रोश में हैं। पिछले विधानसभा के चुनाव में ममता पर अल्पसंख्यकवादी होने के आरोप लगे थे। अब वे स्वयं को हिन्दू सिद्ध करने के लिए प्रयासरत हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने मंच से ही चंडी पाठ किया था। इस बार की चुनौती बड़ी है। 2021 की तुलना में राष्ट्रवाद का विचार काफी सशक्त हो गया है। ममता द्वारा चुनाव के पहले दुर्गा आंगन और सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर निर्माण की घोषणा के संकेत भी दिए गए हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता और विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की नींव रखी। यहां प्रत्येक शुक्रवार को भारी संख्या में लोग आते हैं। एकत्रीकरण बढ़ता जा रहा है। यद्यपि ममता बनर्जी के विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है, तो भी स्थानीय नागरिक काफी डरे सहमे हुए हैं। बाबर भारतीय मुसलमान नहीं था। वह विदेशी हमलावर था। उसी की सहायता और मार्गदर्शन में बाबर के सिपहसालार सैयद मीर बाकी ने 1528 में अयोध्या का श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ध्वस्त कर दिया था। दीर्घकाल तक चले आंदोलन से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण हुआ। दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन चुका है। लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। अयोध्या में की गई खुदाई की पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट में 3500 साल ईसापूर्व का वर्णन है। रिपोर्ट के अनुसार ईसापूर्व 3500 वर्ष से 1000 ईसापूर्व तक अयोध्या एक बस्ती है। एएसआई के अनुसार यहां एक दिव्य और भव्य मंदिर पहले से था। रिपोर्ट में 500 ईस्वी तक मंदिर के अस्तित्व के साक्ष्य हैं। मंदिर गिराकर मस्जिद बनाने के पाप को सुधारा जा चुका है। क्या देश बाबर को भूल सकता है? श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन और इसी विचार परिवार के अन्य संगठन भारतीय जनमानस का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं। अब स्वयं को हिन्दू बताना लज्जा का विषय नहीं है। ममता बनर्जी बहुत पहले से अल्पसंख्यकवादी हैं। वे और इंडी गठबंधन के अधिकांश नेता स्वयं को हिन्दू सिद्ध करने में जुटे हुए हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति के संकेत सुस्पष्ट हैं। ममता पश्चिम बंगाल में बहुत कमजोर स्थिति में हैं। अभी चुनाव के लिए कुछ महीने बचे हैं। पश्चिम बंगाल की उथल-पुथल को देश देख रहा है। दरअसल, ममता बनर्जी को जनता के बीच तृणमूल कांग्रेस विरोधी भावनाएं सुस्पष्ट दिखाई दे रही हैं। ममता के मन में विधानसभा चुनाव को लेकर उत्साह है। वे हिन्दू ध्रुवीकरण की रणनीति पर अग्रसर हैं, लेकिन चुनाव में ध्रुवीकरण का लाभ उनको नहीं मिलेगा। ममता बनर्जी की राज्य सरकार के कार्यकाल में सत्ता संरक्षित लूट के मामले लगातार बढ़े हैं। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज व संदेशखाली के महिला उत्पीड़न के मामले सर्वविदित हैं। ममता के राज्य में अल्पसंख्यक तुष्टीकरण नया नहीं है। बेरोजगारी बढ़ी है। लोग गांव छोडकर पलायन कर रहे हैं और विकास का कहीं कोई नाम नहीं है। विपक्षी भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न जारी है। भारतीय संविधान में केन्द्र व राज्यों के बीच विषयों की एक सूची है। इस सूची के अनुसार पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आती है और सीबीआई ईडी केन्द्रीय प्राधिकार में होते हैं। दोनों को आमने-सामने खड़ा कर देना संविधान का उल्लंघन है। दोनों परस्पर पूरक हैं लेकिन ममता बनर्जी ने देश के संघीय ढांचे का ध्यान नहीं रखा। ऐसा कई बार हुआ है। वे विकल्प नहीं छोड़तीं और केन्द्रीय सत्ता को दोष दिया करती हैं। संविधान के अनुच्छेद 355 में वाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्य की संरक्षा करने का संघ का कर्तव्य है। ये भी है कि वाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति की सुरक्षा के साथ प्रत्येक राज्य की सरकार का इस संविधान के अपबंधों के अनुसार चलाया जाना सुनिश्चित करें। लेकिन ममता बनर्जी संविधान की मूल भावना का उल्लंघन कर रही हैं। उन्हें याद कराना पड़ेगा कि मुख्यमंत्री के सम्माननीय पद पर बैठने के समय संविधान पालन की शपथ ली जाती है। वे सम्माननीय मुख्यमंत्री हैं। उन्हें संविधान विरोधी कार्य नहीं करना चाहिए लेकिन उनका एक स्वभाव है। वे बहुधा गुस्से में आ जाती हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी है कि वह तृणमूल कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से हराकर दिखाएं। वे चुनौती की भाषा बोलती हैं। लेकिन असल चुनौती आगामी विधानसभा चुनाव हैं। इसमें भाजपा की जीत पक्की है।

# उत्कृष्ट सेवा सम्मान के द्वारा पुलिस प्रशासन को किया सम्मानित

- त्वरित कार्यवाही पर व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। बांदा उद्योग व्यापार मंडल बांदा द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई हेतु समर्पित पुलिस प्रशासन का एक सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थानीय सारंग होटल मे सम्पन्न हुआ। विगत दिनों पूर्व शहर के नजर बाग (व्यापारिक क्षेत्र) में हुई चोरी को मात्र तीन दिन में बरामद सामान एवं चोरों सहित अनावरण करने का कार्य जिन पुलिस कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए निभाया उन सभी को इस सम्मान समारोह मेंष्उत्कृष्ट



सेवा सम्मानष से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी,उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक संतोष कुमार गुप्ता बांदा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संतोष अनशनकारी, महामंत्री संजीव सेठ,कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता,उपाध्यक्ष अंकित साहू, पूर्व अध्यक्ष नपा राजकुमार गुप्ता राज,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता,ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू ,व्यापारी नेता मनोज जैन, अध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र अशोक कुमार गुप्ता, व्यापारी संत कुमार गुप्ता, सुनील सक्सेना उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल,संजय जैन सहित सैकड़ो की संख्या में मौजूद व्यापारियों ने पूरी पुलिस टीम को सफल अनावरण की सम्मानित कर बधाई दी। पलाश बंसल पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में,श्री शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक बांदा,सुश्री मेविस टॉक सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अपराध और अपराधी पर लगाम लगाने वाली टीम का हुआ सम्मान। बलराम सिंह प्र0निरी0 कोतवाली नगर, आनंद कुमार प्रभारी एसओजी, बुद्धी सागर चौकी प्रभारी मर्दन नाकाउ0नि0 इबरार सिद्दकी. उ0नि0 जगदीश प्रसाद तिवारी,हे0कां0 संदीप कुमार एसओजी,कां0 गोविन्द यादव थाना कोतवाली नगर,कां0 कमल सिंह सेंगर एसओजी,कां0 अमित कुशवाहा एसओजी, कां0 ऋषभ कुमार एसओजी,कां0 सत्यम गुर्जर थाना कोतवाली नगर कां0 कृष्णकांत सिंह थाना कोतवाली नगर कां0 महेन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर, श्री विजय सिंह कुशवाहा इंस्पेक्टर क्राइम कोतवाली नगर ,सुरेश चंद्र नगायच प्रभारी एलआईयू बांदा, सब इंस्पेक्टर मो0इबरार सिद्दीकी, सब इंस्पेक्टर जगदीश तिवारी,कांस्टेबल गोविंद, कॉन्स्टेबल अखिलेश, कांस्टेबल हरपाल,हेड कांस्टेबल अश्वनी प्रताप,हेड कांस्टेबल आशीष शर्मा,कांस्टेबल प्रतीक,कांस्टेबल मनीष मिश्रा,कांस्टेबल अमित त्रिपाठी,आदि को मुख्य अतिथि प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक एवं बांदा उद्योग व्यापार मंडल बांदा के पदाधिकारी एवं अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

## सड़क हादसे में तीन की मौत

बांदा। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिसमें सवार बाइक सवार ठेकेदार सहित तीन की दर्दनाक मौत हो गई। पंचनामे के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जिले के रसिन गांव निवासी 27 वर्षीय धीरेंद्र पुत्र बृजकिशोर ठेकेदारी करता था। वह अपने दो अन्य साथी 35 वर्षीय राजा बाबू पुत्र भगवानदीन 35 वर्षीय अर्जुन पुत्र लाला भाई निवासी ब्यूर रसिन के साथ बाइक में बैठ कर कालिंजर थाना क्षेत्र के नीबी विरौना गांव जा रहे थे। तभी फतेहगंज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। जिससे तीनो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद काफी देर तक घायल तड़पते रहे। समीप से गुजर रहे राहगीरो ने देखा,तब घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने धीरेंद्र और राजा बाबू को मृत घोषित कर दिया।

## वीबी जी राम जी योजना में 125 दिनों की रोजगार की गारंटी : मंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- रोजगार न मिलने पर ग्रामीणों को मिलेगा भत्ता
- सात दिनों के अंदर काम का भुगतान न होने पर व्याज सहित होगा भुगतान

बांदा। विकसित भारत जी राम ज़ी अधिनियम को लेकर भाजपा व उसके सहयोगी दलों की भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विकसित भारत - गारंटी फार रोजगार एवं अजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 की जानकारी दी गई स जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना के रूप में नहीं वल्कि विकास से जुड़ी गारंटी के रूप में स्थापित करना है स ताकि यह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनरुप हो स यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखता है और मनरेगा की पुरानी कमजोरियों को दूर करने के लिए तकनीक पर आधारित पारदर्शिता, मजबूत जवाबदेही और स्थाई संसाधनों व दीर्घकालीन ग्रामीण उत्पादन पर विशेष ध्यान देने की व्यवस्था करता है स उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवार को मिलने वाली निश्चित रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और 185 दिनों की गारंटी देता है स इस अधिनियम में किसानों के हितों की सुरक्षा की गई है जिसमें फसल बोने और काटने के प्रमुख मौसमों के दौरान अन्य विकसित भारत - जी - राम - जी के कार्यों को कानूनी रूप से रोका जायेगा स उन्होंने कहा कि यह अधिनियम 60 दिन अतिरिक्त मजदूरी पाने की गारंटी देता है साथ ही यह भी गारंटी है कि यदि किसी ग्रामीण को काम की माँग के 15 दिन के अंदर रोजगार नहीं मिलता तो भत्ता दिया जायेगा ।

# उत्साह के साथ मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी के तत्वावधान में सोमवार को महान संत, विचारक एवं राष्ट्रप्रेरक स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें एम.बी.बी.एस. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरस्वती जयसवाल यादव (आचार्य) एवं डॉ. रविरंजन सिंह (सह-आचार्य) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, संगोष्ठी, युवा संवाद एवं रन फॉर यूनिटी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके विचारों तथा युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश कुमार शुक्ला ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। आत्मविश्वास, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा ही सच्ची सफलता का मार्ग है। वहीं डॉ. नरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यदि युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। स्वामी विवेकानंद का अमर संदेश ल्उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मतङ्ग इस अवसर पर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। इस अवसर पर डॉ. अरिन्दम चक्रवर्ती, डॉ. विकास कुमार, डॉ. नन्दनी राधव, डॉ. अंकित कुमार तिवारी, डॉ. संदीप कुमार सहित महाविद्यालय में कार्यरत सीनियर रेजीडेंट, जूनियर रेजीडेंट, कर्मचारीगण तथा एम.बी.बी.एस. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की बैठक में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान का कड़ाई से पालन करने का दिया निर्देश

कौशाम्बी। डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि यातायात निरीक्षक एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के साथ सड़क दुर्घटना संभावित स्थलों का भ्रमण कर कारणों की पहचान की जाए तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य रूप से लगवाने तथा नो हेल्मेटऽनो फ्यूल अभियान का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिवस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय में मुख्य अतिथि प्रदीप जैन आदित्य पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में प्रियंका गांधी सांसद का जन्मदिन समारोह केक काटकर एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माननीय प्रदीप जैन आदित्य पूर्व केंद्रीय मंत्री मीडिया से रूबरू होते हुए100 दिन कार्ययोजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें संविधान संवाद महापंचायत, मनरेगा बचाओ संग्राम, एस आई आर, सेवा व बलिदान के 140 वर्ष, पंचायत व एम एल सी चुनाव 2026 पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश व केन्द्र की भाजपा सरकार को घेरने का काम



किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बाबा साहब के संविधान को छिन्न भिन्न करने में लगी हुई है राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के नाम से पूरे देश में चल रही मनरेगा के स्वरूप को बदलने के साथ साथ ग्रामीण अंचल में निवास कर रहे गरीब मजदूरों से उनका काम छीना जा रहा है, कांग्रेस शासन में अधिनियम बनाकर 100 दिन गारंटी का रोजगार मुहैया कराया गया था, वर्तमान समय में एस आई आर पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से पचास हजार से अधिक संख्या में वोटर लिस्ट से नाम काटने का काम किया जा रहा है, कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पता लगाए कि किन परिस्थितियों में वोट काटा गया, साथ ही फॉर्म 6 भरवाकर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का काम करें, उन्होंने बतलाया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माननीय अजय राय पूर्व मंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि 2026 में होने वाले ग्रामपंचायत व एम एल सी चुनाव में पूरे दम खम के साथ कांग्रेस बिना किसी गठबंधन के अकेले चुनाव पर उतरेगी, पार्टी उन्हीं को प्रत्याशी बनाएगी जिनकी साफ सुथरी व ईमानदार छवि होगी, बहुत जल्द रमाबाई मैदान में रैली आयोजित की जाएगी जिसमें लाखों की संख्या में कांग्रेसजन भाग लेंगे।

## कान्हा गौशाला में लापरवाही के चलते गायों की स्थिति खराब

अतर्रा/बांदा। पालिका प्रशासन द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में लापरवाही के चलते गायों की स्थिति खराब दिख रही है एक और जहां उनके भूसा व अन्य व्यवस्थाओं में संचालक द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है वही उपचार का भी अभाव देखने को मिल रहा है। कस्बे के बदौसा रोड स्थित कान्हा गौशाला जो पालिका प्रशासन द्वारा संचालित की जा रही है लेकिन इन दोनों गौशाला की संचालक द्वारा गायों के भूसा के साथ शान द्वारा जारी अन्य व्यवस्थाओं में गड़बड़ झाला देखने को मिल रहा है जिससे आए दिन गए भूख के चलते दम तोड़ रही है पालिका प्रशासन जिनकी भरपाई अन्ना जानवरों को गौशाला में डाल करके कागज की खानापूर्ति करने में जुटा है पशु आहार वह अन्य व्यवस्थाएं केवल शोरूम में रखी है कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सूरज वाजपेई ने सोमवार को कान्हा गौशाला की स्थितियों का जायजा लिया तो वहां भूसा से लेकर कई गड़बड़ियां मिली कई जानवर उपचार के अभाव में जीणक्षीण दिखाई जिसको लेकर वाजपेई ने कहा है कि बहुत ही दुखद है जल्द ही उप जिलाधिकारी से मुलाकात करके वस्तु की स्थिति को बताया जाएगा।

# मकर संक्रांति एवं खिचड़ी पर्व 15 जनवरी को ही मनायें : ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। भारतीय संस्कृति का परम्परागत मकर संक्रांति पर्व माघ कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि को मनाया जाएगा क्योंकि 14 जनवरी बुधवार को रात्रि 9बजकर 19 मिनट पर उत्तराषाढ़ नक्षत्र 2 चरण में प्रवेश कर रहे हैं अतः मकर संक्रांति का पुण्य काल 15 जनवरी गुरुवार को सूर्योदय से सूर्यास्त यावत माना जाएगा इसी के साथ खरमास समाप्त हो जायेगा मकर संक्रांति पर्व का यह शाश्वत नियम है प्रदोष के बाद रात्रि में किसी भी समय लगती है तो उसका पुण्य काल दूसरे दिन ही प्राप्त होता है इसलिए मकर संक्रांति पर्व खिचड़ी त्योहार 15 जनवरी बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा शास्त्रीय मान्यता अनुसार स्नान दान जप करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है सर्वत्र गंगा स्नान नदी तीर्थ एवं कुआं सरोवर में स्नान करने का उत्तम फल प्राप्त होता है आज के दिन ऊनी वस्त्र दुशाला कम्बल



जूता चप्पल तथा धार्मिक पुस्तकें पंचांग का दान महा पुण्य फल कारक माना जाता है इस पर्व को पूरे देश में अपनी अपनी स्थानीय परम्परागत एवं रीति रिवाज के साथ मनाया जाता है। तथा षट्तिला एकादशी व्रत 14 जनवरी बुधवार को रखा जायेगा एवं भगवान शिव जी का व्रत पूजन प्रदोष व्रत तथा मास शिवरात्रि व्रत 16 जनवरी शुक्रवार को किया जाये तथा मौनी अमावस्या 18 जनवरी रविवार को होगी इस दिन मौन रहकर पुण्य का संचय के। हमारे सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त मकर संक्रांति का पर्व एंव खिचड़ी त्योहार मनाये ।

## कलयुगी बेटे ने मफलर के फंदे से मां की गला दबाकर की हत्या, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बे में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां की मफलर से गला कसकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद अंतर्गत भरवारी कस्बे के पुरानी बाजार निवासी आयशा पत्नी अयूब उम्र 70 वर्ष की उनके ही नशेड़ी बेटे गुड्डू उर्फ याकूब ने हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार आरोपी बेटा गांजा, अफीम, चरस और शराब का नशेड़ी था इसी कारण से कुछ वर्ष पूर्व पत्नी भी उसे छोड़कर अन्यत्र चली गयी। बताया गया कि आरोपी अपनी मां पर मकान बेचकर उसे रुपये देने का लगातार दबाव बना रहा था। मां द्वारा मकान बेचने से इनकार किए जाने पर नशे में धुत बेटे ने पहले कमरे का दरवाजा बंद कर मां के साथ मारपीट करने के बाद मफलर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# वाणी वंदना से गूंजा आज़ाद स्मारक, नामचीन कवियों ने बांधा समां

- कवि सम्मेलन में अनुराग मिश्र 'गैर' की ग़ज़ल ने छुआ मन, ओज, हास्य और भावनाओं का रहा संगम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव शहीद-ए-आज़म चंद्रशेखर आज़ाद की स्मृति में गांव बदरका स्थित आज़ाद स्मारक में आयोजित कवि सम्मेलन साहित्य और संवेदनाओं के नाम रहा। शहीद चंद्रशेखर आज़ाद स्मारक समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि अनुराग मिश्र 'गैर' आकर्षण का केंद्र रहे। उनकी ग़ज़ल ने श्रोताओं को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया और पंक्तियों पर बार-बार तालियां गूंजती रहीं। अनुराग मिश्र 'गैर' ने जब यह पंक्तियां पढ़ीं– पत्थर के बाद चांद की हसरत नहीं रही, खुद से मिला तो



आपकी चाहत नहीं रही, कासे को एक फकीर के कासे में रख दिया, गुदड़ी में मेरी अब कोई दौलत नहीं रही। तो पूरा पंडाल शांति और संवेदना में डूब गया। जीवन के अनुभव, आत्मबोध और फकीरी सोच से भरी इस रचना ने श्रोताओं पर गहरा प्रभाव छोड़ा। प्रस्तुति के बाद देर तक तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देती रही। कवि सम्मेलन का शुभारंभ वरिष्ठ कवि अखिलेश अवस्थी की वाणी वंदना से हुआ। इसके बाद ओज कवि राहुल 'विनम्र' ने शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के बलिदान को स्मरण करते हुए वीर रस से ओतप्रोत कविता पाठ किया, जिससे राष्ट्रभक्ति का वातावरण बन गया। हास्य कवि अनुभव अज्ञानी ने रोजमर्रा की परेशानियों और चर्चित नामों पर चुटीले व्यंग्य से श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। संतोष दीक्षित ने भावनात्मक कविता के माध्यम से भक्ति और साहित्य का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। वहीं युवा कवि धीरज यादव की रचना– माना नहीं अमीर है, लेकिन जमीर है, हम बिक नहीं सकते, जो कीमत लगाओगे। ने ईमानदारी और आत्मसम्मान का संदेश दिया, जिसे खूब सराहा गया।

कार्यक्रम में डॉ. विनय तिवारी 'विनीत' और डॉ. प्रभात सिन्हा ने भी अपनी रचनाओं से साहित्यिक स्तर को मजबूती दी। पूरे आयोजन का संचालन अनिरुद्ध सौरभ ने संतुलित और सहज अंदाज में किया। इस अवसर पर समिति के सचिव राजेश शुक्ला, जेके दीक्षित, सुयश बाजपेई, अमित शुक्ला, पप्पू मिश्र, शंभू शुक्ल, प्रीतू शुक्ला, पप्पू पांडेय सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। कवि सम्मेलन देर रात तक चला और श्रोताओं ने इसे एक यादगार साहित्यिक शाम बताया।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन



पुरवा,उ न्नाव। विधान क्षेत्र पुरवा उन्नाव के ब्लॉक हिलौली में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन एकल अभियान संगठन द्वारा किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि सीएल यादव कृष्णा जी उपस्थित हुए। अपने संबोधन में सी एल यादव ने कहा स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं, जिसे हम सभी देशवासी युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं, स्वामी जी ने कहा था उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, वही सीएल यादव जी ने कहा स्वामी विवेकानंद जी सदैव शिक्षा के मार्ग पर अडिग रहे और अपने जीवन में हमेशा शिक्षा ज्ञान के लिए प्रेरित करते रहे एवं अपना सर्वस्व जीवन देश के विकास के लिये समर्पित कर दिया, वो युवाओ के लिए सच्चे मार्ग दर्शक और आदर्श रहें हैं। वो हमेशा निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करते रहे, उन्होंने अपने जीवन में विज्ञान और अध्यात्म दोनों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया , उन्होंने कहा था जितना बड़ा संघर्ष होगा उतनी बड़ी जीत होगी।

# सांसद साक्षी महाराज का मनाया गया जन्मदिन, बधाई देने वालों का लगा तांता

- जन-सेवा समर्पण समारोह में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हुए शामिल, दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व गर्भवती महिलाओं को मिला पौष्टिक आहार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव में सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज के शुभ जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को कब्बाखेड़ा स्थित अरोड़ा रिसॉर्ट में भव्य जन-सेवा समर्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर सांसद साक्षी महाराज को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान सामाजिक सरोकार से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।



दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई, गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया गया तथा नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सांसद साक्षी महाराज के जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इस अवसर पर अध्यात्म योग मिशन हरिद्वार के संस्थापक श्रद्धेय स्वामी मधुसूदन जी महाराज, मा. सांसद अनुराग शर्मा, विधायक पंकज गुप्ता, कैलाश सिंह राजपूत, हरिओम वर्मा, चंद्रपाल सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठितजन उपस्थित रहे। वहीं, सांसद साक्षी महाराज के जन्मदिन पर सुबह से ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिले के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और समर्थक लगातार अरोड़ा रिसॉर्ट पहुंचकर उनसे मुलाकात करते नजर आए। इसी क्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता के पुत्र प्रखर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह एवं पवन सिंह ने सांसद से भेंट कर शाल, पटिका और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का उन्नाव में भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं से 2027 की तैयारी में जुटने का आह्वान



उन्नाव। एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत उन्नाव भ्रमण पर आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बांगरमऊ से उन्नाव जाते समय अधिष्ठात्री मां शंकरी देवी मंदिर परिसर के समीप भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व युवा भाजपा नेता अमित कुशवाहा ने किया। स्वागत से अभिभूत उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर एसआईआर अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं, ताकि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का पूरी तरह सफाया किया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की ताकत संगठन की रीढ़ है और बूथ स्तर तक सक्रियता ही पार्टी की जीत का आधार बनेगी। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया। स्वागत करने वालों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, युवा भाजपा नेता आशीष कनौजिया, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, ओम प्रकाश द्विवेदी, सत्य प्रकाश द्विवेदी, समाजसेवी सुनील चौरसिया, शिव कुमार कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, दीपू कुशवाहा, भाजपा नेता अनुपम गौड़, दीपक विमल, लारेंश, सभासद अभिनव शर्मा, तनय अवस्थी, अमरनाथ पांडेय, गिरीश शुक्ला, बृज किशोर कुशवाहा, हरिपाल सिंह, देवकी नंदन सैनी, धीरेंद्र सिंह, डॉ. दिनेश यादव, अंशुमान सिंह, राहुल सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई 125वी जयंती



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)। 12 जनवरी। पद्म विभूषित पूर्व गवर्नर पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री, प्रांत गौरव रहे उमाशंकर दीक्षित की आज सोमवार 125वी जयंती उनके पैतृक स्थान में धूम धाम से बनाई गई।

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत ऊगू नगर पंचायत स्थित ज्वाला देवी दीक्षित बालिका विद्यालय में आज स्व पं उमाशंकर दीक्षित की एक सौ पच्चीस वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में श्रीमती आरती बाजपेई व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनुज दीक्षित एंव बिदुषी बाजपेई ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्हें याद करते हुए कहा कि उन्हें दद्दा जी गांव में लोग कहा करते थे, वे भारत सरकार मे गृह मंत्री के पद पर रह कर देश की सेवा की एवं तथा कर्नाटक प्रदेश के राज्यपाल पद पर भी आसीन रहे। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज दीक्षित व , सुनील द्विवेदी,प्रकाशचन्द्र दीक्षित, दिनेशचंद्र त्रिवेदी,राजाबाबू पान्डेय,पूती दीक्षित, गोपाल शुक्ला ,सोनी, आकांक्षा, मनू शुक्ला , विवेक तिवारी, सौरभ राज भारती ,मनोज अग्नहोत्री, , बृम्हप्रकाश कन्नौजिया ,मनू ,पप्पू सतेंन्द्र आदि उपस्थिति रहे। दद्दा जी की जयंती समारोह में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण भी किया।

# पांच केंद्रों पर कड़ी निगरानी में 17 को होगी टीजीटी परीक्षा

- एडीएम न्यायिक ने कक्ष निरीक्षकों को दिया विशेष प्रशिक्षण, नकलविहीन परीक्षा के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (टीजीटी) प्रारंभिक परीक्षाऽ2025 को लेकर जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। 17 जनवरी को होने वाली परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को गुरु नानक इंटर कॉलेज में एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में दो सत्रों में लगभग 550 कक्ष निरीक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा की निष्पक्षता, अनुशासन और आयोग की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने पर विशेष जोर दिया गया।

एडीएम (न्यायिक) ने कहा कि सभी कक्ष निरीक्षक आयोग द्वारा जारी निर्देशों को भली-भांति पढ़कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा 17 जनवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9 से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 से 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम पाली में 14 केंद्रों पर 5,472 अभ्यर्थी और द्वितीय पाली में 11 केंद्रों पर 4,608 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार कुल 10,080 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षक अजित कटियार एवं डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने परीक्षा संचालन से जुड़ी तकनीकी बारीकियों, समय-सारणी एवं प्रक्रिया संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग के आदेशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### श्रवण कुमार की पितृभक्ति की कथा ने भक्तों को किया भावुक



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला के निकटवर्ती गांव रजौरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचिका प्रिया साध्वी ने पितृभक्त श्रवण कुमार की मार्मिक कथा सुनाई। कथा श्रवण के दौरान राम सिंह, रामकुमार, बलराम, महेश, रविंदर, रंजीत, मोहनलाल, प्यारेलाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथावाचिका ने बताया कि श्रवण कुमार अपने नेत्रहीन माताऽपिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा पर निकले थे। इसी दौरान शिकार की प्रतीक्षा में बैठे राजा दशरथ ने जल भरने की ध्वनि सुनकर शब्दभेदी बाण चला दिया, जिससे श्रवण कुमार को घातक चोट लगी। इस प्रसंग के माध्यम से श्रवण कुमार की अद्वितीय पितृभक्ति और राजा दशरथ के अज्ञान से उपजी त्रासदी का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के समापन पर श्रद्धालु भावुक हो उठे और श्रवण कुमार की पितृभक्ति को नमन करते हुए अपने जीवन में माताऽपिता की सेवा और सम्मान का संकल्प लिया।

# एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने सुने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचार

- स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती, प्रेरणा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती/प्रेरणा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का दर्शन मेडिकल छात्रों के लिए मानव सेवा, निस्वार्थ कर्म, दृढ़ संकल्प और एकाग्रता का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके प्रसिद्ध संदेश ह्णउठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मतङ्ख को चिकित्सकीय जीवन से जोड़ते हुए बताया गया कि एक डॉक्टर को शारीरिक और मानसिक शक्ति के साथ रोगियों की सेवा करनी चाहिए, क्योंकि प्रत्येक कर्तव्य पवित्र है। इस अवसर पर ध्यान और आत्मनियंत्रण की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया, जो चिकित्सा क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए अत्यंत आवश्यक माने गए। वक्ताओं ने बताया कि स्वामी विवेकानंद मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म मानते थे और उनका संदेश था कि सेवा केवल पुस्तकों तक सीमित न होकर कर्म में दिखाई देनी चाहिए। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि एक चिकित्सक के रूप में रोगियों की सेवा सर्वोच्च कर्तव्य है, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही स्वामीजी द्वारा शारीरिक विकास पर दिए गए जोर को भी रेखांकित किया गया, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और सशक्त आत्मा का वास होता है।

कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि मेडिकल छात्रों को अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा, सेवा भाव और समर्पण के साथ करना चाहिए, स्वयं को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए और अपने लक्ष्य के प्रति सदैव एकाग्र रहना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक कर्म में दिव्यता निहित है।

# पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा निकली



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मितौली खीरी। मितौली क्षेत्र के ग्राम कानाखेड़ा स्थित तुरंतनाथ धाम प्रांगण में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। भव्य कलश यात्रा ग्राम कानाखेड़ा से गाजे-बाजे के साथ हर-हर महादेव, बम-बम भोले और धर्म की जय हो के जयघोष के बीच निकाली गई। मंगल गीत गाती महिलाएं कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा ओदारा पुरैना नदी तट पर पहुंची, जहां यज्ञाचार्य श्याम शुक्ल, सचिन मिश्र एवं अवनीश मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। मुख्य यजमान द्वारा सर्वप्रथम कलश भरा गया, तत्पश्चात दुर्गा-रूपिणी महिलाओं व बहनों ने अपने-अपने कलशों में पवित्र जल भरा। कलश यात्रा के यज्ञस्थल पहुंचने पर पवित्र जल से यज्ञ स्थल का छिड़काव कर उसे पावन किया गया। आयोजकों ने बताया कि नित्य प्रति अपराह्न एवं सायं बेला में नैमिषधाम से अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास सुरेश अवस्थी, भारतीय हिन्दू परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय प्रहरी पवनेश महाराज तथा कथा व्यास हरे राम शुक्ल की अमृतमयी वाणी से भागवत कथा एवं धर्म चर्चा होगी। यज्ञ आयोजकों में ठाकुर प्रसाद मिश्र, रामदुलारे मिश्र, रामजी बाजपेई, रूपेश मिश्र, नीरज बाजपेई सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कलश यात्रा में देवतुल्य भक्तगण तथा मातृशक्ति की व्यापक सहभागिता रही।

### जिलाधिकारी की जांच में निजी अस्पतालों में मिली गंभीर अनियमितताएं

गोला गोकर्णनाथ खीरी। शासनादेश के तहत नगर स्थित शिव हॉस्पिटल एवं गैलेक्सी हॉस्पिटल की जिलाधिकारी द्वारा की गई जांच में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच के दौरान दोनों अस्पतालों में न तो कोई महिला डॉक्टर और न ही पुरुष डॉक्टर उपस्थित मिले। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि अस्पतालों में फायर सेफ्टी, साफ-सफाई तथा अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था नहीं थी। अस्पताल संचालन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके। ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की स्थिति भी अव्यवस्थित पाई गई और वहां ओटी टेक्नीशियन मौजूद नहीं थे। इसके साथ ही जीवनरक्षक उपकरणों का भी अभाव पाया गया। जांच रिपोर्ट में ऐसे अस्पतालों को आम जनता के लिए असुरक्षित बताया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है, ताकि नियमों के अनुरूप आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष कार्यक्रम

## एआई और सामाजिक जागरुकता पर जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी 2026 सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत बीज वक्तव्य से हुई, जिसे डॉ. सौरभ वर्मा ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विषय पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अजय वर्मा एवं धर्म नारायण ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की वर्तमान उपयोगिता, भविष्य की संभावनाओं तथा युवाओं के लिए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत डॉ. सुभाष चंद्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन पर संक्षिप्त किंतु प्रेरक वक्तव्य दिया, जिसमें आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के विशेष सत्र में वनस्पति विज्ञान विभाग के शिक्षक सतेन्द्र पाल सिंह ने रेड रिबन क्लब की ओर से विद्यार्थियों को क्र्फ्ठ/इत्र्फ्ट विषय पर जागरूक किया। उन्होंने इस रोग से जुड़ी भ्रांतियों, संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों और सामाजिक संवेदनशीलता की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का चिंतन आज भी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक है तथा इक्र जैसे आधुनिक विषयों के साथ सामाजिक जागरूकता को जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन डॉ. सौरभ वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस., रोवर्स-रेंजर्स, एन.सी.सी. वॉलंटियर्स, बी.एड. प्रशिक्षुओं सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# लल्लन भैया ने विकलांग मोहिउद्दीन को दी ट्राई साइकिल, जीवन में जगी नई उम्मीद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। समाजवादी पार्टी के संभावित उम्मीदवार एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यराम वर्मा उर्फ लल्लन भैया ने बिजुआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत नौसर जोगी निवासी दिव्यांग मोहिउद्दीन अंसारी को ट्राई साइकिल प्रदान की। मोहिउद्दीन पहले गुब्बारा बेचकर जीवन यापन करते थे, लेकिन बीमारी के कारण उनका एक पैर काटना पड़ा, जिससे उनकी रोज़ी-रोटी पर संकट आ गया था। मोहिउद्दीन की स्थिति की जानकारी मिलने पर लल्लन भैया ने व्यक्तिगत पहल करते हुए ट्राई साइकिल खरीदकर उनके घर पहुंचकर भेंट की। इस अवसर पर पूर्व न्याय पंचायत प्रभारी राधेश्याम वर्मा, सेक्टर प्रभारी एवं विधानसभा उपाध्यक्ष बसंत लाल कश्यप, पूर्व प्रधान हरिकृष्ण वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। ट्राई साइकिल मिलने पर मोहिउद्दीन अंसारी ने लल्लन भैया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनके जीवन में नई उम्मीद जगी है। वहीं लल्लन भैया ने कहा कि वे दिव्यांगजनों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास करेंगे।

### कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति की बैठक, 25 जनवरी को खिचड़ी भोज व शपथ ग्रहण समारोह तय



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति पटेल संस्थान की बैठक अध्यक्ष राजीव पटेल की अध्यक्षता में गोला के मिल बाईपास रोड स्थित पटेल संस्थान में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 25 जनवरी (रविवार) को समरसता खिचड़ी भोज एवं नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से समिति एवं समाज के जिम्मेदार लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर मंत्री अंकुर वर्मा, डॉ. रामशरण वर्मा, डॉ. दीपू वर्मा, पंकज वर्मा (एडवोकेट), संदीप वर्मा, अमित वर्मा, अभिषेक वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गोला गोकर्णनाथ खीरी। आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि संरक्षक अरविंद पांडे ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबूराम बाल उद्यान के प्रधानाचार्य आलोक तिवारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अरविंद पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व के अनेक देशों में भारतीय संस्कृति और धर्म का प्रचार-प्रसार कर भारत का मान बढ़ाया। उन्होंने युवाओं को विवेकानंद के प्रेरक वाक्य, ह्लउठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाएङ्क—को जीवन में उतारने का आह्वान किया तथा सपनों और सत्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि आलोक तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कविता के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का प्रभावशाली वर्णन किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद का नाम विश्व भर में भारत की पहचान बना। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य चंदा दीक्षित, अरुण, आकाश तिवारी, शीबा बानो, साहिबा बानो, मुस्कान खान, साक्षी सोनी, कंचन शुक्ला, श्वेता, आसिफा खान एवं सृष्टि वर्मा सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया।

# एसबीएम डिग्री कॉलेज का संपर्क मार्ग जर्जर छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को भारी परेशानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। एसबीएम डिग्री कॉलेज जाने वाला संपर्क मार्ग तथा कुकराऽपहाड़पुर मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण यह मार्ग पूरी तरह जर्जर स्थिति में पहुंच गया है, जिससे रोजाना आवागमन करने वाले छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह संपर्क मार्ग बांकेगंज ब्लॉक मुख्यालय के समीप से रमतलिया, दुलारेपुर, एसबीएम डिग्री कॉलेज, निपनिया होते हुए गोला रोड में निपनिया तालाब के पास जाकर मिलता है। इसके अलावा कुकरा से पहाड़पुर स्थित श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज जाने वाला मार्ग भी बदहाल स्थिति में है। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह रास्ता वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। ग्रामीणों का कहना है कि मंडी समिति द्वारा कई वर्षों से संपर्क मार्गों की मरम्मत नहीं कराई गई है। मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों और संपर्क मार्गों को गड्ढा-मुक्त करने के आदेश का भी यहां कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। खराब मार्ग के कारण दुलारेपुर, रमतलिया, निपनिया सहित आसपास के गांवों के लोग और कॉलेज-स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं रोजाना परेशान होते हैं। जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर रावेंद्र सिंह ने बताया कि कुकरा-पहाड़पुर मार्ग और बांकेगंज मुख्यालय से निपनिया के पास गोला रोड में मिलने वाला संपर्क मार्ग मंडी समिति के अंतर्गत आता है, इसलिए इनके निर्माण की जिम्मेदारी भी उसी की है।

# नगर पालिका आपके द्वार अभियान: पाँचवें दिन 497 पंजीकरण

## पेंशन-राशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। सोमवार, 12 जनवरी को लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण हेतु नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में आयोजित नगर पालिका आपके द्वार अभियान के कैम्प के पाँचवें दिन कुल 497 पंजीकरण किए गए।

कैम्प में वार्ड संख्या 05, 12, 17 एवं 25 से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। वृद्धावस्था पेंशन के 54 पंजीकरण हुए, जिनमें 37 लोगों की पेंशन रुकी हुई थी तथा 17 नए पंजीकरण किए गए। राशन कार्ड से संबंधित 218 पंजीकरण हुए, जिनमें 170 कार्डधारकों द्वारा यूनिट बढ़वाने तथा 48 नए कार्ड के लिए आवेदन किया गया। विद्युत विभाग से जुड़े 8 पंजीकरण हुए—जिसमें 3 स्मार्ट मीटर रीडिंग और 5 बिल वृद्धि से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त दिव्यांग पेंशन के 4, विधवा पेंशन के 17 पंजीकरण किए गए। नगर पालिका से संबंधित जन्म प्रमाण पत्र के 68 पंजीकरण हुए, वहीं नए मतदाता बनने हेतु 123 फार्म वितरित किए गए।

आमजन को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गोला की देवतुल्य जनता की सेवा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और पेंशन से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र कराया जाएगा। सभासद रज्जन खान ने कहा कि ऐसे कैम्पों से जनता का समय और धन—दोनों की बचत होती है। वहीं पंजाबी कॉलोनी निवासी सुधीर कोहली ने कहा कि राशन कार्ड और पेंशन पारदर्शिता के साथ जरूरतमंदों को मिलनी चाहिए। बताया गया कि 13 जनवरी को फूलबाबा आश्रम में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक कैम्प आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभासद हरिओम वर्मा, रज्जन खान, कफील अहमद, आनंद सोनी, धर्मेन्द्र तिवारी, सुफियान खान; भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर महामंत्री राजेश राठौर सहित अनेक पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका से मोहित अवस्थी (लेखाकार), अनिल कुमार यादव (जेई), आदर्श मिश्रा (जेई) समेत विभागीय अधिकारी; जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से विकास वर्मा, जिला समाज कल्याण विभाग से भूपराम राणा, खाद्य एवं रसद विभाग से अजय कुमार, तथा प्रोवेशन कार्यालय लखीमपुर से रामकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कृषक समाज इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह, स्वामी विवेकानंद को किया नमन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र का अनावरण कर पुष्पार्चन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों, मूल्यों और आदर्शों को युवाओं तक पहुंचाना है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद जी का मानना था—यदि युवाओं में आत्मबल और अनुशासन हो, तो भारत की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने विवेकानंद के प्रसिद्ध मंत्र ह्लउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, गांव में छाया मातम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकराऽबांकेगंज मार्ग पर रविवार शाम करीब 6 बजे हुए सड़क हादसे में खंजनपुर निवासी अजय यादव (36) की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा लोहिया पुल के पास स्थित पुराने धान मिल के निकट हुआ, जहां सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय यादव उत्तराखंड से बाइक द्वारा अपने गांव खंजनपुर लौट रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। अजय को तत्काल बांकेगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

हादसे की खबर मिलते ही परिजन और ग्राम प्रधान सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। अजय यादव अपने पीछे पत्नी, चार बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। उनकी एक बेटी का विवाह गत वर्ष हो चुका है। वह उत्तराखंड में ठेकेदारी का कार्य करते थे और छुट्टी लेकर घर लौट रहे थे। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## दुर्घटना जोन बनता पुराना धान मिल मोड़

कुकरा-बांकेगंज मार्ग पर पुराने धान मिल मोड़ से मलंग बाबा पुलिया तक का हिस्सा लगातार दुर्घटनाओं के कारण संवेदनशील बनता जा रहा है। नवंबर 2024 में इसी स्थान पर हजरतपुर के ग्राम प्रधान गुरलाल की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# वाशिंगटन न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर, बडोनी पहली बार सीनियर टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर पसली में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह आयुष बडोनी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है।

वाशिंगटन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच ओवर में 27 रन दिए और न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड



(बीसीसीआई) ने बयान में कहा, ''न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते समय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को अपनी बायीं पसली के निचले हिस्से में तेज दर्द महसूस हुआ। बयान में कहा गया है, ''उनका स्कैन किया जाएगा, जिसके बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम विशेषज्ञों की राय लेगी। वाशिंगटन श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। बयान के अनुसार, ''पुरुष टीम की चयन समिति ने उनके स्थान पर आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है। बडोनी बुधवार को राजकोट में टीम से जुड़ेंगे जहां दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। बडोनी को राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने का मतलब है कि वह दिल्ली की तरफ से मंगलवार को विदर्भ के खिलाफ बेंगलुरु में विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे। बडोनी मुख्य रूप से बल्लेबाज हैं जो ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं। वह दिल्ली के कप्तान भी रह चुके हैं और विजय हजारे ट्रॉफी में उप कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। लखनऊ की टीम में वह भारत के वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खेले थे। बडोनी का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत 57.96 है, लेकिन लिस्ट ए क्रिकेट में उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं है। उन्होंने लिस्ट ए के 27 मैचों में औसतन 36.47 रन बनाए हैं और मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने बल्लेबाजी की बजाय गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है।

दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह ने कहा, ''वह नेट में बल्लेबाजी करने के बाद हर अभ्यास सत्र में कम से कम 30 गेंदें फेंकता है। वह समझता है कि भारतीय टीम में एक अदद ऑलराउंडर के रूप में अपनी जगह बनाने के लिए उसे अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी में सुधार करना होगा।''

# गुजरात जायंट्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा मुंबई इंडियंस को

एजेंसी

नवी मुंबई। अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गुजरात जायंट्स की टीम अपने बल्लेबाजों के अच्छे खेल के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। जायंट्स का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है जिसकी बानगी उसके पहले दो मैच में देखने को मिली। इन दोनों मैच में उसने 200 से अधिक रन का स्कोर खड़ा करके जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ना तय है क्योंकि सोफी डिवाइन ने शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 95 रन की शानदार पारी खेली और इसके बाद उसके गेंदबाजों ने अपने बड़े स्कोर का अच्छी तरह से बचाव



किया। कप्तान एशले गार्डनर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और खुद उनके अनुसार वह डब्ल्यूपीएल के चौथे सत्र की इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना नहीं कर सकती थीं। गार्डनर ने कहा, ''मुझे ऐसा लगा जैसे हमने (दिल्ली कैपिटल्स) वह मैच छीन लिया हो। इस तरह के मैचों से ही खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और इससे यह पता चलता है कि हम किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बीच में कुछ रन गंवाने के बाद गुजरात जायंट्स की टीम गेंदबाजी विभाग में अधिक निर्मम होना चाहेगी। राजेश्वरी गायकवाड़ और काशवी गौतम जैसी अनुभवी भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से गार्डनर भी खुश हैं। मुंबई इंडियंस ने भी पहले मैच में हार के बाद अपने दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था और वह उसी तरह के प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी सबसे बड़ी मैच विजेता नैट साइवर ब्रंट शानदार फॉर्म में हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 42 गेंदों में 74 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आ रहा है और इसका श्रेय मैं भारतीय टीम को देती हूं। हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है जिससे हमें खुलकर बल्लेबाजी करने की आजादी मिलती है। मुझे यह चिंता नहीं है कि मुझे आखिर तक बल्लेबाजी करनी होगी और शायद यही कारण है कि मैं इस समय अपनी बल्लेबाजी का पूरा लुत्फ उठा रही हूं।''

## संक्षिप्त समाचार

### आप कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाज पर अंकुश नहीं लगा सकते हैं: जैमीसन

**वडोदरा।** विराट कोहली के प्रतिद्वंद्वी और साथी खिलाड़ी दोनों रह चुके न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जैमीसन इस भारतीय बल्लेबाज के कौशल को देख कर हैरान रह जाते हैं और उनका मानना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी पर अंकुश लगाना किसी भी गेंदबाज के लिए टेढ़ी खीर होती है। कोहली रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में इस प्रारूप में रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक बनाने के करीब थे, लेकिन जैमीसन ने उन्हें 93 रन पर आउट कर दिया। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके जैमीसन ने कहा कि यह निर्धारित करना मुश्किल है कि यह भारतीय बल्लेबाज इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है या नहीं। जैमीसन ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, '' यह कहना मुश्किल है कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या नहीं। वह लंबे समय से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जब भी उनसे आमना सामना होता है, तो आपको लगता है कि उनसे मुकाबला करने के लिए भी आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह एक अलग ही स्तर के खिलाड़ी हैं और अधिकतर समय अच्छी लय में नजर आते हैं। उन्होंने कहा, ''कोहली जैसे खिलाड़ियों को रोकने के लिए आपको कुछ खास रणनीति बनानी होती है। लेकिन उन जैसे दिग्गज बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता है। वह थोड़ा बहुत अपना दबदबा बनाए रखते हैं, इसलिए मुझे उन्हें खेलते हुए देखना बहुत अच्छा लगा। जैमीसन ने आईपीएल में मोटी कमाई करने से लेकर पीठ संबंधी समस्याओं के कारण मैदान से बाहर रहने तक के उतार-चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने अपने करियर में जो कुछ भी हासिल किया उसके लिए वह खुद को आभारी मानते हैं। उन्होंने कहा, ''किसी भी खिलाड़ी के करियर में उतार-चढ़ाव आते हैं। सभी के अपने-अपने अनुभव होते हैं। मैं सौभाग्यशाली था कि मुझे अपनी करियर की शुरुआती दौर में ही आईपीएल में खेलने का मौका मिला। जैमीसन ने कहा, ''मेरा नजरिया अब काफी हद तक बदल गया है। मैं आजकल दौरे पर जाने, क्रिकेट खेलने और मैदान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए पहले की तुलना में अधिक कृतज्ञ महसूस करता हूं।

### इंडिया ओपन में भारतीय खिलाड़ियों से बड़ी उम्मीदें मुश्किल ड्रॉ में आगे बढ़ना होगा चुनौती

**नयी दिल्ली।** पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 950,000 डॉलर इनामी इंडिया ओपन सुपर 750 में घरेलू दर्शकों के सामने बेहतर प्रदर्शन करके अपने हालिया फॉर्म को परिणामों में बदलने की कोशिश करेंगे। भारतीय खिलाड़ियों का हालांकि अपने घरेलू कोर्ट पर प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है तथा पिछले 15 वर्षों में उनमें से केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही खिताब जीता है। ड्रॉ में एक बार फिर घरेलू खिलाड़ियों के लिए शुरुआती चुनौतियां होंगी, जिसमें लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी के बीच पुरुषों के एकल वर्ग का भारतीय मुकाबला शामिल भी है। सिंधू का पहला मैच वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से होगा। सिंधू 2017 में यहां चैंपियन रही हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जहां वह चीन की वांग झियी से हार गईं थी। इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में होने वाले इंडिया ओपन में ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली यह भारतीय खिलाड़ी अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इंडिया ओपन 2022 के चैंपियन सेन ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर पिछले सत्र का समापन किया था लेकिन मलेशिया ओपन में वह जल्दी बाहर हो गए थे। दूसरी ओर आयुष ने 2025 में अमेरिकी ओपन सुपर 300 जीतकर अपनी पहचान बनाई और कोदाई नाराओका, लोह कीन यू, चाउ टिएन चेन और ब्रायन यांग जैसे खिलाड़ियों को हराया। मलेशिया ओपन के पहले दौर में उन्होंने ली ज़ी जिया को हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया था। कुआलालंपुर में सेन हांगकांग के ली चेउक यिउ से हार गए थे, जो अब इंडिया ओपन के पहले दौर में एचएस प्रणय का सामना करेंगे। किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा। महिला एकल में सिंधू के अलावा भारतीय चुनौती मालविका बंसोड पर भी निर्भर रहेगी जिनका सामना चीनी ताइपे की पाई यू पो से होगा। कई अन्य युवा भारतीय खिलाड़ी भी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। भारत की पोडियम पर पहुंचने की सबसे अच्छी उम्मीदें एक बार फिर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेंगी। यह जोड़ी इस टूर्नामेंट में दो बार फाइनल में पहुंची है और उसने 2022 में खिताब जीता था। भारतीय जोड़ी मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गई थी और वह यहां उसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का मुकाबला थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई से होगा। यह टूर्नामेंट भारत की अगली पीढ़ी की युगल जोड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।

### भारतीय टीम प्रबंधन मुझे एक ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है: राणा

**वडोदरा।** यह तो अब जगजाहिर हो चुका है कि भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को ऑलराउंडरों से विशेष लगाव है और तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने पुष्टि की है कि टीम प्रबंधन ने उनसे अपने बल्लेबाजी कौशल में सुधार करने के लिए कहा है। राणा ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारत की चार विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया और फिर जब भारत लक्ष्य का पीछा करते हुए थोड़ा मुश्किल स्थिति में था तब 23 गेंदों में 29 रन बनाए। राणा ने चोटिल वाशिंगटन सुंदर से पहले बल्लेबाजी की। राणा ने मैच के बाद यहां पत्रकारों से कहा, ''टीम प्रबंधन मुझे एक ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है और मैं इस पर लगातार काम कर रहा हूं। मैं अभ्यास सत्र के दौरान अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 ड्रॉ से पहले एटीपी रैंकिंग में अल्कराज-सिनर शीर्ष पर बरकरार

नई दिल्ली। मेलबर्न में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के ड्रॉ से पहले सोमवार को ताज़ा एटीपी रैंकिंग जारी कर दी गई है। स्पेन के कार्लोस अल्कराज और इटली के जैनिक सिनर ने क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति बरकरार रखी है। यही रैंकिंग ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के ड्रॉ के लिए इस्तेमाल की जाएगी, जिसका आयोजन गुरुवार को होगा। अल्कराज और दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन सिनर को ड्रॉ में अलग-अलग हाफ में रखा जाएगा, ठीक वैसे ही जैसे पिछले चार ग्रैंड स्लैम में देखने को मिला है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों खिलाड़ियों ने इस सीज़न में अब तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। हालांकि, शनिवार को दक्षिण कोरिया के इंचियोन में एक एग्ज़ीबिशन मैच में दोनों आमने-सामने आए थे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले लगातार हार पर स्वियातेक बोलीं-किसी तरह की चिंता नहीं है, सब कुछ ठीक है

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 से ठीक पहले लगातार दो मुकाबले हारने के बावजूद वर्ल्ड नंबर-2 इगा स्वियातेक ने कहा है कि उन्हें किसी तरह की चिंता नहीं है और ल्लसब कुछ ठीक है। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने माना कि उनका शरीर काफी थका हुआ और ल्लसुपर सोरङ्क है, लेकिन वह सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम से पहले पूरी तरह उबरने को लेकर आश्वस्त हैं। स्वियातेक को रविवार को सिडनी में खेले गए यूनाइटेड कप फाइनल में स्विट्ज़रलैंड की बेलिंडा बेंचिच के खिलाफ 6-3, 0-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले सेमीफाइनल में उन्हें कोको गॉफ ने 4-6, 2-6 से मात दी थी। बेंचिच के खिलाफ मुकाबले में स्वियातेक पूरी तरह लय से बाहर नजर आईं। उन्होंने



लगातार सात गेम गंवाए, जिसमें एक दुर्लभ 'लव सेट' भी शामिल रहा। मैच के अंत में रैकेट फेंकना और उनकी आंखों में आंसू उनकी निराशा को साफ दर्शा रहे थे। यह प्रदर्शन छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए असामान्य रहा, जो आमतौर पर लगातार मैच नहीं हारतीं। हालांकि, टीम इवेंट के रूप में खेले गए इस टूर्नामेंट में पोलैंड ने 2-1 से खिताब अपने नाम किया, जब काताज़ीना कावा और जान ज़िलिंस्की ने निर्णायक मिक्स्ड डबल्स मुकाबला जीत लिया। फाइनल के बाद स्वियातेक ने एक आधिकारिक बयान में कहा, सब कुछ ठीक है। बस शरीर बहुत ज्यादा थका हुआ है। साल का पहला टूर्नामेंट होता है, तो शरीर पर इसका असर थोड़ा अलग पड़ता है। पिछले साल भी ऐसा अनुभव हुआ था। मैं कुछ दिन आराम करूंगी और रिकवरी पर ध्यान दूंगी। उन्होंने टीम इवेंट्स को लेकर भी ईमानदारी से बात की। उन्होंने कहा,ल्लमुझे ये टीम टूर्नामेंट पसंद हैं, लेकिन ये काफी ऊर्जा ले लेते हैं। भविष्य में मुझे इन्हें बेहतर तरीके से संतुलित करना सीखना होगा। स्वियातेक ने स्वीकार किया कि बेंचिच के खिलाफ दूसरे सेट में वह शारीरिक रूप से पूरी तरह मौजूद नहीं थीं। उन्होंने कहा, ल्लमेरी तीव्रता कम हो गई थी। मूवमेंट और पैरों में वो धार नहीं थी। शारीरिक रूप से मैं उतनी सटीक नहीं थी। बेंचिच के खिलाफ मैच में स्वियातेक ने 36 अनफोर्स्ड एरर किए, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी ने केवल 10 गलतियां कीं। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत मेलबर्न पार्क में रविवार से होनी है, ऐसे में स्वियातेक के पास सुधार के लिए ज्यादा समय नहीं है। उन्होंने कहा,ल्लहम उन पहलुओं पर काम करेंगे जो इस हफ्ते सही नहीं रहे।

## आईएसपीएल एमेच्योर क्रिकेट से पेशेवर क्रिकेटर बनने का रास्ता खोल रहा है: लीग आयुक्त समत

सूरत। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) के आयुक्त सूरज समत का कहना है कि अभिषेक कुमार दलहोर और इरफान उमैर जैसे खिलाड़ियों की सफलता से पता चलता है कि यह लीग एमेच्योर क्रिकेट और पेशेवर क्रिकेट के बीच सेतु का काम कर रही है। दलहोर को आईएसपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पिछले साल आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स नेट गेंदबाज बनने का मौका मिला जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान उमैर ने 2025 में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया। समत ने कहा, ''आज हर खेल में एक एमेच्योर पक्ष और एक पेशेवर पक्ष होता है। क्रिकेट हमारे देश में लगभग एक धर्म की तरह है, लेकिन उसमें अभी तक कोई एमेच्योर पक्ष नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमने एमेच्योर पक्ष को एक संगठित मंच प्रदान किया है ताकि क्रिकेट में अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने वाले लड़कों को अवसर मिले और वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।''

# पूर्व वर्ल्ड नंबर-3 मिलोस राओनिक ने पेशेवर टेनिस से लिया संन्यास

एजेंसी

सिडनी। कनाडा के पूर्व विश्व नंबर-3 टेनिस खिलाड़ी मिलोस राओनिक ने रविवार को 35 वर्ष की उम्र में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। अपनी जबरदस्त सर्विस के लिए 'मिसाइल' के नाम से मशहूर राओनिक ने करीब डेढ़ दशक लंबे करियर में आठ एटीपी टूर खिताब जीते और 2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की इनामी राशि अर्जित की। राओनिक के करियर का सर्वश्रेष्ठ दौर वर्ष 2016 में रहा, जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल और विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, दोनों ही मुकाबलों में उन्हें ब्रिटेन के एंडी मरे से हार का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए राओनिक ने लिखा, ल्लयह वह पल है जिसके आने का आपको एहसास होता है लेकिन आप कभी इसके



लिए पूरी तरह तैयार नहीं होते। यह जितना तैयार मैं हो सकता था, उतना ही है। टेनिस मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और जुनून रहा है। उन्होंने कहा, मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपने सपनों को जीने और पूरा करने का मौका मिला। हर दिन बेहतर बनने पर ध्यान देना और देखना कि यह मुझे कहां तक ले जाता है- यही मेरी जिंदगी रही। पूर्व यूगोस्लाविया में 1990 के दशक की शुरुआत में जन्मे राओनिक महज तीन साल की उम्र में अपने परिवार के साथ कनाडा चले गए थे। उन्होंने 2008 में पेशेवर टेनिस में कदम रखा और 2011 में पैसिफिक कोस्ट चैंपियनशिप जीतकर अपना पहला एटीपी खिताब हासिल किया, जहां उन्होंने फाइनल में फर्नांडो वर्दास्को को हराया। राओनिक 2013 से 2020 के बीच चार बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब जीतने से चूक गए। इनमें पहला फाइनल कनाडियन ओपन में राफ़ेल नडाल के खिलाफ था, जबकि बाकी तीन फाइनल में उन्हें नोवाक जोकोविच से हार मिली। 2020 सिनसिनाटी मास्टर्स में जोकोविच के खिलाफ खेला गया फाइनल उनके करियर का आखिरी एटीपी फाइनल साबित हुआ। उनका आखिरी टूर-स्तरीय मुकाबला 2024 पेरिस ओलंपिक में रहा, जहां पहले दौर में उन्हें जर्मनी के डोमिनिक कोएफर से हार का सामना करना पड़ा। अपने भविष्य को लेकर राओनिक ने कहा, ल्लआगे क्या है? मैं रुकने वाला नहीं हूं। जिंदगी में अभी बहुत कुछ बाकी है और मैं उतना ही प्रेरित और भूखा हूं, जितना 2011 में था, जब मैंने टूर पर अपनी पहचान बनाई थी।

## भूमिका रियल्टी ने फरीदाबाद में परियोजना के वित्तपोषण के लिए जुटाए 170 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी भूमिका रियल्टी ने फरीदाबाद में अपनी नई परियोजना के वित्तपोषण के लिए आदित्य बिरला सन लाइफ एएमसी और बीजो के रियल एस्टेट ऋण मंच से 170 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि इस धनराशि का उपयोग निर्माण और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। संपत्ति सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने इस सौदे को संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। भूमिका ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) उद्धव पोद्दार ने कहा, '' बुनियादी ढांचे और बढ़ती उपभोक्ता मांग के समर्थन से फरीदाबाद संगठित शहरी विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। इसकी पेशकश के कुछ ही हफ्तों के भीतर वित्तीय व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना परियोजना के आधारभूत सिद्धांतों की मजबूती एवं पूंजी निवेश के प्रति हमारे अनुशासित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# बजट में होने चाहिए रोजगार बढ़ाने के उपाय, बैंकिंग क्षेत्र में सुधार: अर्थशास्त्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। अगले महीने पेश होने वाले आम बजट से पहले अर्थशास्त्रियों की राय है कि बजट में रोजगार बढ़ाने के उपाय और छोटे उद्योगों पर नए सिरे से ध्यान दिए जाने के साथ-साथ बैंकिग क्षेत्र में सुधार होने चाहिए। उनका यह भी कहना है कि पिछले साल 12 लाख रुपये तक आय पर आयकर से राहत के बाद प्रत्यक्ष करों पर कोई बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं है। हालांकि सीमा शुल्क पर कुछ नीति लाई जा सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार नौवीं बार एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 का बजट करेंगी। यह पहली बार होगा जब बजट रविवार को पेश किया जाएगा। बजट को लेकर उम्मीदों के बारे में जाने-माने अर्थशास्त्री एवं मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने बातचीत में कहा, '' बजट में सरकार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्रों पर नए सिरे से ध्यान दिए जाने के साथ-साथ बैंकिग क्षेत्र में सुधारों का खाका पेश करना चाहिए। बजट दीर्घकालीन लक्ष्यों के साथ सुधारों पर केंद्रित 2047 के एजेंडे के लिए एक दृष्टि पत्र हो सकता है। उन्होंने कहा, '' बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के तहत हालांकि देश में कुछ बड़े बैंकों की जरूरत बतायी जा रही है और इसके लिए विलय की बातें हो रही हैं। हालांकि मेरा मानना है कि देश में और बैंकों की जरूरत है ताकि जरूरतमंदों को बैंक से जुड़ी सुविधाओं के साथ कर्ज आसानी से सुलभ हो सके। इसका कारण अभी वित्तीय समावेश में हमें लंबा सफर तय करना है। एक अन्य सवाल के जवाब में भानुमूर्ति ने कहा, ''एमएसएमई में कर्ज कोई अब समस्या नहीं है। बैंक कर्ज देने के लिए तैयार हैं लेकिन वह उन्हें मिल नहीं पा रहा है। एमएसएमई में छोटे स्तरों पर पुनर्गठन की जरूरत है, ताकि उन्हें संगठित क्षेत्र में लाया सके।

## एपीडा ने छत्तीसगढ़ से कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय खोला

नयी दिल्ली। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने छत्तीसगढ़ से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए रायपुर में अपना क्षेत्रीय कार्यालय खोला है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई एपीडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि निर्यात की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य से प्रीमियम गैर-बासमती चावल की किस्मों के अलावा जीराफूल चावल और नागरी दुबराज चावल जैसे भौगोलिक संकेतक (जीआई) निशान वाले उत्पादों के निर्यात की अच्छी संभावनाएं मौजूद हैं। इसके अलावा राज्य में अमरूद, केला, ड्रैगन फ्रूट, कटहल, शरीफा, टमाटर और खीरे सहित कई प्रकार के फल और सब्जियों का उत्पादन होता है। साथ ही महुआ, इमली, जड़ी-बूटी और औषधीय पौधों जैसे लघु वन-उत्पादों का भी प्रचुर उत्पादन होता है, जिससे वैश्विक बाजारों में राज्य की मौजूदगी बढ़ाने के मजबूत अवसर बनते हैं। एपीडा ने कहा, छत्तीसगढ़ को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। रायपुर में एपीडा के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। प्राधिकरण के अनुसार, यह क्षेत्रीय कार्यालय किसानों, उत्पादक समूहों, सहकारी संस्थाओं और निर्यातकों को कई तरह की सुविधाएं प्रदान करेगा। इनमें निर्यात पंजीकरण, परामर्श सहायता, बाजार से जुड़ी जानकारी (मार्केट इंटेलिजेंस), प्रमाणन में सहयोग, निर्यात सुविधा, बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता और बाजार से जोड़ने जैसी सेवाएं शामिल हैं।

# वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट एक फरवरी को 11 बजे पेश करेंगी वित्त मंत्री सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट एक फरवरी को 11 बजे लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी। आम तौर पर केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाता है, लेकिन इस वर्ष रविवार को पड़ने की वजह से अनिश्चितता थी, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को इसकी पुष्टि कर दी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र 2026 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28



जनवरी को शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा। दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा। इससे पहले आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 को 29 जनवरी को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश करने की परंपरा 2017 से शुरू हुई थी, लेकिन रविवार को बजट पेश होना बहुत कम देखने को मिलता है। इससे पहले 28 फरवरी 1999 को तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने रविवार के दिन आम बजट पेश किया था। केंद्र सरकार ने 2017 में बजट की तारीख 28 फरवरी से बदलकर 1 फरवरी इसलिए की थी, ताकि नए वित्त वर्ष की शुरुआत यानी 1 अप्रैल से पहले ही फंड का सही तरीके से इस्तेमाल किया जा सके। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बार जब बजट पेश करेंगी, तो यह उनका लगातार 9वां बजट होगा। इसके साथ ही वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के 10 बार बजट पेश करने के रिकॉर्ड के काफी करीब पहुंच जाएंगी। हालांकि, निर्मला सीतारमण पहले ही रिकॉर्ड बना चुकी हैं कि उन्होंने एक ही वित्त मंत्री के रूप में लगातार सबसे ज्यादा बजट पेश किए हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# स्वामी विवेकानंद ने कहा था, मैं विश्व में युद्ध होता देख रहा हूं : प्रो.रजनीश शुक्ला

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में रामापुरा स्थित रानी भवानी जय नारायण बालिका विद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रो. रजनीश शुक्ला, अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचारक प्रभाकर, विशिष्ट अतिथि राजेश तिवारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रो. रजनीश शुक्ला ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में कहा था, मैं विश्व में युद्ध होता देख रहा हूं। उस वक्त इस कल्पना को उन्होंने कैसे सोचा था। बाद में महायुद्ध होता है। आज भी ऐसा युद्ध चल रहा है और हमें आज स्वामी विवेकानंद को याद करना पड़ रहा है। स्वामी जी ने कल्पना की थी, हिन्दू जीवन की। हिन्दू जीवन, जो भारतीय दृष्टि से जुड़ा है। उसे ही धर्म की दृष्टि कहते हैं। मनुष्य मूल्यों का निर्धारण करता है और उस पर चलने की तैयारी करता है तो वह ही धर्म दृष्टि है। जो धर्म के अनुरूप जीवन जीता है, यही मनुष्यता है। इस तरह के महान संदेश देने वाले महान सन्यासी की जयंती आज है, जिसे मनाने के लिए हम यहां पर जुटे हैं। 1893 में स्वामी विवेकानंद ने जो विषय बिंदु तय किया था, उसे आज 2026 में भी लेकर चलना होगा। इससे पहले विशिष्ट अतिथि राजेश तिवारी ने कहा कि 39 वर्ष की अवस्था में स्वामी विवेकानंद ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया। मानव सेवा को ही स्वामी जी ने सबसे बड़ा धर्म माना। भाषा, शिक्षा को लेकर स्वामी विवेकानंद ने देश और दुनिया का मार्गदर्शन किया। मैकाले की शिक्षा पद्धति पर स्वामी जी प्रहार करते थे। उसी भाव से प्रधानमंत्री मोदी ने मैकाले शिक्षा पद्धति को समाप्त करने का लक्ष्य लिया है। स्वामी जी ने नारी शक्ति को पूजने का चरित(आचरण) दिया था। जो नारी को पूजता नहीं है, वह आगे बढ़ नहीं सकता है। वह कहते थे, जो कुछ सोचो, उसे पाने के लिए डूब जाओ, लक्ष्य पाए बिना रुको नहीं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रचारक प्रभाकर ने कहा कि केवल आज का कार्यक्रम सुनकर चला जाना है, या कुछ अपने जीवन में परिवर्तन भी होगा। एक व्यक्ति, एक लक्ष्य के रूप में हमें अपने को खपाना पड़ेगा। हम हिन्दू आज हर देश से भागने को मजबूर हो रहे हैं। जिसे हमने बनाया, उस बांग्लादेश से भी हिन्दू समाज भाग रहा है। हम हिन्दू धर्म के लिए क्या कर सकते हैं, उसे सोचना होगा। कार्यक्रम का संचालन राजीव पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन बृजलाल ने किया। कार्यक्रम में पत्रकार शरद बाजपेई, विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता देव कुमार राजू, रामलखन गुप्ता छोटू, जितेंद्र लालवानी, आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्यनारायण पीपलवा, संघ प्रचारक कृष्ण मोहन सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर रूद्राभिषेक, प्रदेश अध्यक्ष भी हुए शामिल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में सोमवार को कंग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का 54वां जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाया। पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अगुवाई में जिला और महानगर के कार्यकर्ताओं ने दारानगर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में रूद्राभिषेक कर प्रियंका गांधी के दीर्घ और स्वस्थ्य जीवन के साथ उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को जन्मदिन की बधाई दी। इसके पहले प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में रूद्राभिषेक सुबह 8.15 से वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ शुरू हुआ। इस दौरान वाराणसी जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद चौबे,दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सतनाम सिंह, अब्दुल हमीद डोडे,महिला कंग्रेस पदाधिकारी आदि कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उधर,मनरेगा का नाम बदलने को लेकर वाराणसी में रविवार को नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई को सांसद प्रियंका गांधी ने 'कायरतापूर्ण' बताया है।

## प्रबंधन के उत्पीड़न से त्रस्त शिक्षिका ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मत्यु, कलेक्ट्रेट में धरने के समर्थन में पहुंचे सैकड़ों लोग

बागपत। उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत के जिला प्रशासन से शिकायत कर हार चुकी शिक्षिका निधि शर्मा ने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग की है। विद्यालय प्रबंधन पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिक्षिका निधि शर्मा ने आज सैकडों लोगों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर कहा कि प्रशासनिक अधिकारी उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे है। मामले की संवेदनशीलता देखते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मौके पर पहुंच कर शिक्षिका से बातचीत कर जांच के आदेश दिए हैं। मामला बागपत के खेला गांव स्थित हजारीलाल मेमोरियल इंटर कॉलेज की शिक्षिका निधि शर्मा का है। कॉलेज प्रबंधन पर महिला शिक्षिका निधि शर्मा द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं । निधि शर्मा का आरोप है कि लगातार 3 वर्षों से प्रबंधक उसका उत्पीड़न कर रहा है और स्कूल परिसर सहित रास्ते में भी उसके साथ छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार किया गया वह चुप रही, लेकिन लगातार प्रबंधक के उत्पीड़न से वह परेशान आ चुकी है। तीन दिन पहले निधि शर्मा ने अपने परिवार के साथ इच्छा मृत्यु की मांग की थी । इसके बाद निधि शर्मा आज सोमवार को सैकड़ों लोगों के साथ बागपत कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गई और उन्होंने खून से राष्ट्रपति को एक पत्र लिखा है। उन्होंने यह पत्र डीएम अस्मिता लाल को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी अस्मिला लाल ने धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़िता निधि शर्मा से बात की। निधि शर्मा ने रोते हुए उन्हें अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की सारी बातें बताई। इसके बाद डीएम ने जांच के निर्देश दिए है। धरने में विभिन्न संगठन भी मौजूद रहे और ब्राह्मण समाज सहित राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल ने भी निधि शर्मा को समर्थन दिया और कहा कि महिला का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

## बरेली में प्रभारी मंत्री का सपा पर हमला, बोले- ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं पर झूठ फैलाकर कर रही राजनीति



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) और बरेली के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने आज बरेली में समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा झूठ, भ्रम और दोहरे मापदंडों की राजनीति कर रही है। जब चुनाव परिणाम सपा के पक्ष में होते हैं तो लोकतांत्रिक संस्थाएं सही लगती हैं और हार होने पर वही संस्थाएं कटघरे में खड़ी कर दी जाती हैं।

प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पहले एसआईआर का खुलकर विरोध किया और फिर चुनाव आयोग पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। यह सपा की राजनीतिक विफलताओं को छिपाने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता को गुमराह करना सपा की आदत बन चुकी है और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान वह कब का छोड़ चुकी है।

ईवीएम को लेकर समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए राठौर ने कहा कि 2024 में जीत मिलने पर ईवीएम विश्वसनीय थी, लेकिन हार की आशंका होते ही उसी पर सवाल उठाए जाने लगे। यह अवसरवादी राजनीति का उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता कानून व्यवस्था, विकास और सुशासन के मुद्दे पर भाजपा के साथ खड़ी है और 2027 में भाजपा फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने दिवंगत फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने दौरे के दूसरे दिन सोमवार को विकास भवन में प्रशासनिक बैठक कर योजनाओं की समीक्षा के बाद प्रभारी मंत्री राठौर शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए।

## भगवान पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला आरोपित गिरफ्तार

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में जनपद मुरादाबाद के सोनकपुर थाना क्षेत्र के एक युवक ने देवी-देवताओं को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स) पर आपत्तिजनक पोस्ट की। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार को आरोपित तालिब अली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक देहात कुमार आकाश सिंह ने बताया कि मैनाठेर थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी राहुल चौधरी ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें उसने बताया था कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तालिब अली के नाम से बनी आईडी से हिन्दू देवी के संबंध में आपत्तिजनक सामग्री वायरल की गई है। इससे हिन्दुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस ने विवेचना के दौरान यह आरोप सही पाया कि अलीनगर निवासी आरोपित तालिब अली ने देवी-देवताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में रविवार रात्रि में ही गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात ने बताया कि आज आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


संपादक मण्डल

संस्थापक/संरक्षक
संजीव श्रीवास्तव

प्रधान संपादक
हरिनाथ सिंह

सलाहकार संपादक
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

स्थानीय संपादक
दिनेश कुमार गर्ग

कार्यकारी संपादक
अभयानंद शुक्ल

आध्यात्मिक संपादक
राम महेश मिश्र

ब्यूरो चीफ
मनोज कुमार शुक्ला

स्टेट कोआर्डिनेटर
विपिन सोनी

संपर्क मुख्यालय
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

संपर्क कार्यालय
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## युवा उद्यमी योजना' से बदली पूजा की किस्मत, देवी देवताओं की पोशाकों से संवारा अपना भविष्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना आज प्रदेश के लाखों युवाओं के सपनों को हकीकत में बदल रही है। इसी कड़ी में फिरोजाबाद जिले में रामकृष्ण नगर की रहने वाली पूजा अग्रवाल ने स्वरोजगार की एक नई मिसाल बनकर उभरी हैं। पूजा के मन में हमेशा से अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का जज्बा था, लेकिन संसाधनों और पूंजी की कमी उनके आड़े आ रही थी। प्रदेश की योगी सरकार की युवा उद्यमी योजना ने उनकी इस बाधा को दूर किया। पूजा ने योजना के अंतर्गत आवेदन किया और विभागीय सहायता तथा बैंक के समन्वय से उन्हें अगस्त 2025 में 5 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस वित्तीय सहायता ने उनके सपनों को हकीकत की जमीन प्रदान की। ऋण की राशि मिलते ही पूजा ने ''मां कैला देवी पोशाक केंद्र'' की नींव रखी। उन्होंने लड्डू गोपाल और विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर एवं आकर्षक पोशाक बनाने के हुनर को एक प्रोफ़ेशनल व्यवसाय का रूप दिया। अपनी मेहनत और सृजनात्मकता के दम पर आज उनके द्वारा बनाई गई पोशाकों की मांग स्थानीय बाजारों में तेजी से बढ़ रही है। अब उनकी बनाई पोशाकें फिरोजाबाद के अलावा आगरा, शिकोहाबाद, करौली (राजस्थान) तक के बाजारों और प्रसिद्ध मंदिरों में भेजी जा रही हैं। पूजा ने बताया कि पहले घर की चारदीवारी तक सीमित थी लेकिन आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। इस व्यवसाय के माध्यम से वह हर माह 12 से 15 हजार रुपये की सम्मानजनक आमदनी कर रही हैं, जिससे वह न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अपने परिवार के पालन-पोषण में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। युवा उद्यमी योजना की लाभार्थी पूजा अग्रवाल का कहना है कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से धन्यवाद करती है। उनकी योजना की वजह से उन्हें बिना किसी बड़ी परेशानी के 5 लाख का लोन मिला। आज वह अपने घर से ही सम्मान के साथ काम कर रही है और अच्छी कमाई कर रही हैं। उनका कहना है यह योजना उन जैसी महिलाओं के लिए एक वरदान है जो अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हैं। उपायुक्त उद्योग संध्या का कहना है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है। जिले की पूजा अग्रवाल ने इस योजना का लाभ उठाकर न केवल खुद को स्थापित किया है, बल्कि वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बनी हैं। हमारा विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि जिले का हर पात्र युवा इस योजना से जुड़े और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना योगदान दे।

## सचेण्डी गैंगरेप कांड: निलंबित चौकी इंचार्ज अमित का पत्र वायरल, खुद को बताया निर्दोष

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के सचेण्डी थाना क्षेत्र में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार निलंबित चौकी इंचार्ज अमित मौर्य ने खुद को निर्दोष बताते हुए पुलिस आयुक्त और मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई हैं। चौकी इंचार्ज का लिखा हुआ पत्र सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से सार्वजिनक हो रहा है। सचेण्डी में नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में रोज नए-नए खुलासे और उससे जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को एक बार फिर सोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हुआ है।यह पत्र घटना में आरोपित बनाए गए निलंबित फरार चल रहे चौकी इंचार्ज अमित मौर्य का है, जिसमें उसने खुद को निर्दोष बताया हैं। पत्र के वायरल होते ही आला अधिकारी भी हरकत में आ गए। क्योंकि घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जबकि इस मामले में दूसरा आरोपित यूट्यूबर पहले ही जेल जा चुका है। सोशल मीडिया पर वायरल पत्र को लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आशुतोष कुमार ने कहा कि यदि चौकी इंचार्ज बेकसूर हैं तो उन्हें कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से आत्मसमर्पण कर अपनी बात को अधिकारियों के समक्ष रखना होगा। इस तरह से भागना और छुपना यह दर्शाता है कि वह गुनहगार हैं, क्योंकि उन्हें लगातार पुलिस टीमें तलाश रहीं हैं। यदि उन्होंने जल्द ही सरेंडर नहीं किया तो उनके खिलाफ कोर्ट के जरिए कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि रविवार को दो मिनट आठ सैकेंड और दो मिनट 42 सेकंड के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसमें आरोपित चौकी इंचार्ज और दूसरा आरोपित यूट्यूबर शिवबरन दिखाई दे रहे हैं, जो बालिका से खुद पूछताछ कर रहे थे। बालिका ने शिवबरन यादव को तो पहचान लिया, लेकिन चौकी इंचार्ज को नहीं पहचाना यह भी एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जालौन में नोडल अधिकारी ने योजनाओं का किया सत्यापन व लाभार्थियों से लिया फीडबैक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से जालौन के नोडल अधिकारी नियुक्त इन्द्र विक्रम सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ सोमवार को विकासखंड कदौरा क्षेत्र के ग्राम उसरगांव में जन चौपाल कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों को पढ़कर सुनाई। उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लिया तथा स्थलीय सत्यापन भी किया। नोडल अधिकारी ने जन चौपाल में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने बच्चों को अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश गया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार लाभ अवश्य प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, जिला विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी कालपी मनोज सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक कालपी नरेंद्र सिंह जादौन, ग्राम प्रधान सहित ग्रामवासी, लाभार्थी, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवा हृदय का सम्प्रेषण स्वामी विवेकानंद जी

■ 163वां जयन्ती दिवस
12 जनवरी 2026

ज्ञानी त्रिवेदी



युवा हृदय की प्रेरणा,मानवतावाद के मेरूदंड,भारत के आध्यात्मिक ज्ञान और सांस्कृतिक गौरवशाली अतीत को विश्व पटल पर परिभाषित करने वाले युगपुरुष,दरिद्र नारायण की सेवा ही सर्वोपरी के महान भाव को परिलक्षित कर भारत राष्ट्र एवं मातृभूमि की सेवा सर्वप्रथम का सन्देश देकर युवा वर्ग को मार्गदर्शन प्रदान किया..मेरा सादर प्रणाम !

सन् 1863ई.की 12 जनवरी पौष संक्रान्ति के दिन प्रातः 6 बजकर 33 मिनट पर हुआ था,अपने माता पिता की छठवीं सन्तान थे।

स्वामी विवेकानंद जी के पिता का नाम श्री विश्वनाथ दत्त और माता भुवनेश्वरी देवी था!

प्रथम नामकरण वीरेश्वर के रूप में पडा,जो बाद में नरेंद्रनाथ में परिवर्तित हुआ।

नरेंद्रनाथ 1871ई.में मेट्रोपोलिटन स्कूल से प्रथम श्रेणी में एन्ट्रेन्स परीक्षा उत्तीर्ण होकर कलकत्ता प्रेसीडेंसी कालेज में दाखिल हुए थे!

जनरल असेम्बली(स्कॉटिश चर्च कालेज)में दाखिल हो 1881में एफ ए और 1883ई. बी ए परीक्षा पास करी। 1881ई.के नवम्बर माह में नरेंद्र की प्रथम मुलाकात परमहंस रामकृष्ण जी से अपने मित्र सुरेंद्रनाथ के यहाँ मिले थे।

1884ई.में पिता के आकस्मिक निधन के उपरान्त उन्हें गम्भीर आर्थिक संकट झेलने पड़े थे,किन्तु इस कठिन समय में भी विवेक और वैराग्य में कोई कमी नहीं आयी थी! 1885ई. में रामकृष्ण परमहंस कण्ठ रोग(कैंसर) से ग्रस्त हुए,नरेंद्रनाथ अपने गुरुभाईयों के साथ उनकी सेवा और तीव्र आध्यात्मिक साधना में जुट गए। 1886ई. की 16अगस्त को श्रीरामकृष्ण की इहलीला को विराम मिला,इस घटना के कुछ दिनों बाद नरेंद्रनाथ ने अपने गुरुभाईयों के साथ वराहनगर के एक जीर्ण मकान में ''रामकृष्ण मठ'' की स्थापना करी थी। 1887ई. को इसी मठ में नरेंद्रनाथ और दस गुरुभाईयों ने सन्यास लिया था..स्वामी जी ने सर्वप्रथम विविदिषानन्द नाम ग्रहण किया था,जो कालांतर में विवेकानंद हुआ। 3अगस्त 1890ई. में वो सन्यासी स्वरूप में भ्रमण हेतु निकल पड़े। स्वामी विवेकानंद 31 मई 1893ई. को अमेरिका के लिए बम्बई से जहाज द्वारा प्रस्थान किये और 25 जुलाई को वैंकूवर पहुंचे।

30 जुलाई की सन्ध्या को रेलमार्ग से शिकागो पहुंचे,वहां से बोस्टन चले गये,हावर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर राइट से मिले और राइट को जब पता चला की स्वामी जी के पास परिचय पत्र नहीं है,तब उन्होंने धर्म-सभा कमेटी के चेयरमैन डॉ.बैरोज के नाम पत्र लिख पास की व्यवस्था करवाई।

11 सितम्बर 1893ई.की दोपहर को अपने सम्बोधन की शुरुआत ''अमेरीका निवासी बहनों और भाईयों'' से करी..7000 हजार उपस्थित श्रोताओं ने करतल ध्वनि से विपुल अभिनन्दन किया जो ऐतिहासिक स्वागत था।

27 सितम्बर को धर्म-सभा का समापन हुआ और सर्वसम्मत व निर्विरोध स्वामी विवेकानंद जी को सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति घोषित किया गया।सम्पूर्ण अमरीका के अखबारों में चर्चा और गुणगान होने लगे।

1895ई.में वह यूरोप गये..लन्दन और पेरिस के नगरों में धर्म प्रचार के अभियान में लग गये..दिसम्बर में वापस अमरीका चले गये। 1896ई.को पुनः लन्दन आये और दिसम्बर माह में लन्दन से चले..जनवरी 1897ई.को कोलंबो पहुंचे..और 20 जनवरी को कलकत्ता आ गये..अभिनन्दन के बाद अभिनन्दन,कलकत्ता अपने विश्व-विजयी पुत्र के आगमन पर मतवाला हो उठा।

1मई 1897ई. को स्वामी जी ने रामकृष्ण मिशन की औपचारिक रूप से स्थापना करी..1898 को बेलूड मठ की स्थापना हुई थी।

1899ई. की 20 जून को स्वामी जी पुनः पाश्चात्य देशों की यात्रा पर निकले..इग्लैंड होते हुए अमरीका पहुँचे..जहां वह एक वर्ष रहे..पेरिस,वियाना,ऐथेंस और मिस्त्र होते हुए स्वामी जी 9 दिसम्बर 1900 को बेलूड मठ पहुंचे।

6फरवरी 1901ई. ट्रस्ट डीड की रजिस्ट्री हुई..10 फरवरी को मठ के ट्रस्टियों के अनुमोदन द्वारा स्वामी सारदानन्द महासचिव नियुक्त हुए।इस प्रकार मिशन के समस्त परिचालन के दायित्वों को त्याग कर महासमाधि की ओर तत्पर हो गए।

4 जुलाई 1902ई. को स्वामी जी ने देह त्याग किया..रात्रि 9 बजकर 10 मिनट पर महासमाधि में परिणत हुए।